www.navpradesh.com
दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
बिलासपुर, मंगलवार, 16 जून 2026 शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 65 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायतों की बाढ़, पांच दिन में 15 हजार से ज्यादा आवेदन

■ **समस्या का समाधान होने की लोगों में बढ़ी आस**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने लोगों की शिकायतों का सीधे और तेजी से समाधान करने के लिए सीएम हेल्पलाइन 1076 शुरू की थी, जिस पर शिकायतों की बाढ़ आ गई है।

सिर्फ पांच दिनों में 9 जून को इसकी शुरुआत से लेकर 13 जून तक हेल्पलाइन पर कुल 15,434 आवेदन दर्ज किए गए हैं। सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग के खिलाफ सबसे ज्यादा 2,470 शिकायतें दर्ज की गई हैं। नगरीय प्रशासन विभाग से संबंधित 2,058 शिकायतें, ऊर्जा विभाग से जुड़े 1,921 मामले, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित 1,509 शिकायतें दर्ज की गई हैं। वहीं खाद्य विभाग से जुड़े 1,235, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 686, लोक निर्माण विभाग 549, पुलिस विभाग 549, स्कूल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम हेल्पलाइन बनी संवाद की मजबूत कड़ी

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि, जनता अपनी समस्याओं को लेकर जागरूक और सजग है. ऐसे में यह कहा जा सकता है कि, हेल्पलाइन जनता और प्रशासन के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनती नजर आ रही है। वहीं दूसरी तरफ संबंधित विभागों के सामने इन समस्याओं के समयबद्ध समाधान की बड़ी जिम्मेदारी भी खड़ी करता है।



समस्याएं दर्ज कराने का प्रभावी मंच मिला

विशेषज्ञों का मानना है कि शिकायतों की अधिक संख्या को केवल नकारात्मक रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह संकेत है कि लोगों को अब समस्याएं दर्ज कराने का एक प्रभावी मंच मिल गया है। पहले जिन मामलों में लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वे अब सीधे राज्य स्तर पर दर्ज हो रहे हैं। इससे शासन को भी यह समझने में मदद मिल रही है कि किस विभाग और क्षेत्र में सबसे अधिक सुधार की जरूरत है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, विभागवार शिकायतों का डाटा तैयार होगा, ताकि नीतिगत निर्णय लेकर जवाबदेही तय हो सके।

ज्यादातर व्यक्तिगत शिकायतें भी आ रही

अफसरों के अनुसार हेल्पलाइन में आने वाली ज्यादातर शिकायतें व्यक्तिगत और सार्वजनिक महत्व की हैं। भूमि से जुड़े मामलों में अवैध कब्जे, रास्ते बंद कर देने, फर्जी रजिस्ट्री इत्यादि से संबंधित हैं। वहीं नगरीय प्रशासन विभाग की शिकायतों में नक्शा स्वीकृति में लगने वाला समय, पानी, सफाई को लेकर शिकायतें प्रमुख हैं। पीडब्ल्यूडी से जुड़ी शिकायतें में सड़कों का निर्माण नहीं होना, खराब सड़कें की शिकायत आ रही है।

आम लोगों से जुड़ी शिकायत

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों में नामांतरण से संबंधित मामले, जमीन सीमांकन की समस्याएं, सड़क निर्माण और मरम्मत, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट की खराब व्यवस्था, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, राशन वितरण से जुड़ी शिकायतें दर्ज कारवाई गई हैं। ये सभी वह मुद्दे हैं जिनका सीधा असर आम लोगों के जीवन पर पड़ता है।

आज बेबाक

यह ठीक है कि मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देखने की मनाही नही है। बेशक लल्लू पंजू भी सत्ता सुंदरी का सानिध्य पाने का रंगीन सपना देखें लेकिन अपनी औकात में रह कर देखें। टीएमसी में टूट के बाद शिवसेना यूबीटी मे कोहराम मचने से पैदाइशी बुड़बक संजय राउत बौखला कर सड़क छाप गुंडे की भाषा बोलने लगा है। खोखली धमकी देने के साथ ही दावा कर रहा है कि जिस दिन उसकी बची खुची पार्टी सत्ता में आएगी भाजपा के टुकड़े टुकड़े कर देंगे। ऐसे पगलेटों के लिए ही कहा गया हे- क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा।

जिला प्रशासन का एक्शन: रिश्वत मामले में शाखा प्रबंधक निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंक के द्वारा राशि भुगतान के लिए रिश्वत लेने के मामले पर जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर उक्त शाखा प्रबंधक को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा निपानिया की प्रभारी शाखा प्रबंधक अनिता पाण्डेय के विरुद्ध शिकायत कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त हुआ है, जिसमें मृतक खातेदार के नॉमिनी से राशि भुगतान के नाम पर 10,000 रुपये रिश्वत का मांग किये जाने का उल्लेख है।

छत्तीसगढ़ में बिजली महंगी, 30-50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरें जारी कर दी हैं। नई दरों के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट महंगी होगी। वहीं कमर्शियल बिजली दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। कृषि पंपों की बिजली दर में भी 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही गैर-सब्सिडी वाले कृषि पंप कनेक्शनों पर ऊर्जा प्रभार में मिलने वाली छूट को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। आयोग ने बताया कि बिजली वितरण कंपनी की ओर से प्रस्तावित 24 प्रतिशत वृद्धि को खारिज किया गया है।

गरमा-गरम

मिडिल ईस्ट में थम गई जंग : ईरानी फंड रिलीज से लेकर तेल पर बैन हटाने तक पर बनी सहमति

ईरान-अमेरिका के बीच शांति समझौते पर सहमति, होर्मुज से ब्लॉकेड हटाने का आदेश

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका और ईरान के कूटनीतिक रिश्तों में एक बड़ा बदलाव आया है। दोनों देशों ने अपने पुराने विवादों को पीछे छोड़ते हुए एक नए समझौते के मसौदे पर सहमति जता दी है। हालांकि इस समझौते पर अभी अंतिम हस्ताक्षर होना बाकी है, लेकिन ओमान की मध्यस्थता में हुई इस बैक-चैनल बातचीत ने खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की आशंका को फिलहाल पूरी तरह टाल दिया है।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकारों के मुताबिक, वाशिंगटन और तेहरान के बीच बनी यह नई सहमति न सिर्फ वैश्विक राजनीति के पुराने समीकरणों को बदलेगी, बल्कि आने वाले समय में कच्चे तेल के बाजार को स्थिर करने में भी सबसे बड़ी भूमिका निभाएगी।

तेल प्रतिबंध हटेंगे, फ्रीज फंड वापस मिलेगा: तय की गई शर्तों के मुताबिक इस डील का मुख्य फोकस ईरान की चरमराती अर्थव्यवस्था को दोबारा राहत देना है। शर्तों के तहत अमेरिका ईरान पर लगे कच्चे तेल के निर्यात के सभी कड़े प्रतिबंध पूरी तरह हटाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईरानी तेल की दोबारा खुलकर एंट्री हो सकेगी। इसके बदले में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परमाणु कार्यक्रम पर रोक और आईएईए की निगरानी

ईरान को मिलने वाली इस बड़ी आर्थिक और व्यापारिक राहत के बदले वाशिंगटन ने परमाणु सुरक्षा को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया है। ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम पर पूरी तरह ब्रेक लगाना होगा और यूरेनियम संवर्धन की क्षमता को एक तय सीमा से आगे न बढ़ाने की गारंटी देनी होगी। इसके साथ ही समझौते की सबसे बड़ी शर्त यह है कि ईरान को अपने सभी एक्टिव और पुराने परमाणु ठिकानों पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की सख्त जांच और नियमित निगरानी को बिना शर्त स्वीकार करना पड़ेगा, ताकि वह भविष्य में चोरी-छिपे परमाणु हथियार न बना सके।

बाजार और कच्चे तेल पर असर

इस शांति समझौते की खबर का असर भारतीय बाजार पर तुरंत देखने को मिला है। कच्चे तेल की बात करें तो ब्रेंट क्रूड की कीमतें 3.45 डॉलर गिरकर 83.89 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। शेयर बाजार में भी इसका सकारात्मक असर दिखा है, जहां सेंसेक्स 1,100 से अधिक अंकों की उछाल के साथ 76,648.74 पर खुला, जबकि निफ्टी 335.55 अंक की बढ़त के साथ 23,956.40 पर पहुंच गया। इसके साथ ही भारतीय रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 58 पैसे मजबूत हुआ है।

होर्मुज खोलने और सुरक्षा की गारंटी

वैश्विक व्यापार और सप्लाई चेन के लिहाज से इस डील का सबसे जरूरी हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखना है। शर्तों के मुताबिक, ईरान इस सबसे व्यस्त समुद्री तेल सप्लाई लाइन को दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और खुला रखने की लिखित गारंटी देगा। इसके साथ ही, ईरान खाड़ी क्षेत्र में सक्रिय अपने सभी सहयोगी मिलिशिया संगठनों को फंड देना बंद करेगा और प्रॉक्सी वॉर को पूरी तरह रोकेगा। इस समुद्री मार्ग के सुरक्षित होने से भारत सहित दुनिया भर के तेल आयातक देशों को बड़ी राहत मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी कम हो सकती हैं।

क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में मिलेगी मदद : मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुए शांति समझौते का स्वागत किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने इस घटनाक्रम को पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। पीएम मोदी ने अपने बयान में इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष ने दुनियाभर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न किए थे और कई देशों में जान-माल का नुकसान भी हुआ था। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई है कि यह समझौता न केवल क्षेत्र में शांति बहाल करेगा, बल्कि नौवहन और वाणिज्य की स्वतंत्रता को भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत को उम्मीद है कि इस समझौते के क्रियान्वयन से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

शाला प्रवेशोत्सव को जन आंदोलन बनाने आगे आएं जनप्रतिनिधिः साय

■ **प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा पत्र**

■ **16 से 27 जून तक चलेगा शाला प्रवेश उत्सव अभियान**

■ **प्रदेश में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे**

■ **अभियान की सफलता के लिए जन सहभागिता का किया आह्वान**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर 16 जून से 27 जून 2026 तक आयोजित होने वाले 'शाला प्रवेश उत्सव' में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है तथा यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी लोगों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नए शैक्षणिक सत्र के साथ प्रदेशभर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश तथा नियमित अध्ययन सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर तथा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के किसी विद्यालय में सुविधानुसार उपस्थित होकर अभियान में सहभागी बनें तथा ऐसे बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए प्रेरित करें, जो अभी तक विद्यालय से नहीं जुड़े हैं अथवा बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है तथा वर्ष 2026 से 150 विवेकानंद विद्यालयों की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए मानक स्थापित किए जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न और छात्र-केंद्रित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरटीआई एक्टिविज्म अब बिजनेस बन गया है : सुको

■ **सरकार अपने काम का ध्यान खुद रख लेगी, एक्टिविस्ट कौन होते हैं निगरानी करने वाले: कोर्ट**

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट की यह टिप्पणी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश बेहल और उसके सहयोगी की अग्रिम जमानत याचिका के मामले में आई। कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, राकेश और राजीव कुमार पर पंजाब के गुरदासपुर में सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने और निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे लोगों और मौके पर मौजूद मजदूरों को डराने-धमकाने के आरोप हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेटियों के बालिग हो जाने से खत्म नहीं होती पिता की जिम्मेदारीः कोर्ट

■ **भरण-पोषण पर हाईकोर्ट का बड़ा निर्णय**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बेटियों के अधिकारों को लेकर दिए एक महत्वपूर्ण निर्णय में साफ किया है कि बेटियों के बालिग हो जाने से पिता की जिम्मेदारी पूरी तरह खत्म नहीं होती है। खासकर ऐसे मामले में जब उसके पक्ष में पहले से भरण पोषण का न्यायिक आदेश लागू हो। हाईकोर्ट ने पिता की क्रिमिनल रिवीजन खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पिता की नैतिक जिम्मेदारी

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि बच्चों के पालन-पोषण की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी पिता की होती है। यदि किसी सक्षम न्यायालय द्वारा पहले से भरण-पोषण का आदेश का आदेश पारित किया जा चुका है, तो केवल बेटी के बालिग होने के आधार पर उससे बचा नहीं जा सकता।

कभी चुनावी पोस्टरों पर लिखा था 'दलबदलुओं को नकारें', आज उसी ने बागियों को अपनाया!

दिल्ली/ए.। भारतीय राजनीति में सिद्धांतों और दावों की हकीकत एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। रविवार को हुए एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय की घोषणा की। लेकिन इस विलय से बड़ी खबर यह है कि जो एनसीपीआई खुद को दलबदल की राजनीति का सबसे बड़ा विरोधी बताती थी, आज उसने ही अपने दरवाजे इन बागी नेताओं के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वित्तीय संकट और अवसरवाद की राजनीति

इस गुमनाम पार्टी के अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों में आने के पीछे एक बड़ी वजह अवसरवाद की राजनीति को माना जा रहा है। पार्टी के संस्थापक शांतनु डे ने खुद पहले यह स्वीकार किया था कि संसाधनों और फंड की भारी कमी के कारण पार्टी का संगठनात्मक कामकाज पूरी तरह ठप हो चुका था। वित्तीय तंगी की वजह से पार्टी आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारी तक नहीं कर पा रही थी। ऐसे में अपने ही पुराने सिद्धांतों और नारों के विपरीत जाकर तृणमूल कांग्रेस के 20 बड़े सांसदों को पार्टी में शामिल करना, इसके वजूद को बचाने की एक बड़ी सियासी मजबूरी माना जा रहा है।

अधिसूचना जारी : स्कूलों में मंत्र-पाठ, कानून व्यवस्था, किसान और खाद मुद्दे पर सदन में हो सकती है पक्ष-विपक्ष में बहस

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 से 17 जुलाई तक, 5 बैठकें होंगी

■ **विपक्षी नेता सरकार को घेरने की तैयारी में जुटे, सरकार उपलब्धियों को सदन में पेश करेगी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 13 जुलाई से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय ने सत्र की अधिसूचना और कार्यसूची जारी कर दी है। 5 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में कुल 5 बैठकें होंगी, जिनमें प्रश्नोत्तर, शासकीय कार्य और वित्तीय मामलों चर्चा होगी। पहले 4 दिनों तक प्रश्नोत्तर काल और शासकीय कार्य निर्धारित किए गए हैं। वहीं अंतिम दिन 17 जुलाई को प्रश्नोत्तर और शासकीय कार्यों के साथ गैर-शासकीय कार्य भी लिए जाएंगे। सदन में स्कूलों में मंत्र-पाठ और कानून व्यवस्था पर विपक्ष सरकार को घेर सकती है।

सत्र की अवधि बढ़ाने की उठ रही मांग: विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक सत्र के दौरान वित्तीय कार्यों के साथ अन्य शासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे। चूंकि सत्र की अवधि केवल 5 दिन रखी गई है, इसलिए विपक्ष की ओर से सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग भी उठ सकती है।

योजनाओं का ब्यौरा सदन में रखेगी सरकार

मानसून सत्र के दौरान विपक्ष सरकार को कानून-व्यवस्था, किसानों, बिजली-पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और विभिन्न विभागों में हुए विवादित फैसलों के मुद्दे पर घेरने की तैयारी में है। वहीं साय सरकार भी अपनी उपलब्धियों और योजनाओं का ब्यौरा सदन में रखने की तैयारी कर रही है।

स्कूलों में मंत्र-पाठ के मुद्दे पर हो सकती है बहस

सत्र के दौरान स्कूलों में मंत्र-पाठ के आदेश, कानून-व्यवस्था, हसदेव में जंगल कटाई, शराब दुकानों में ओवररेटिंग, किसानों की समस्याएं, नगरीय निकायों के मुद्दे और विभिन्न विभागों में हालिया विवादों को लेकर सदन में तीखी बहस होने की संभावना है। सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच कई मुद्दों पर आमने-सामने की स्थिति बन सकती है।

बजट सत्र में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पास हुआ था

इससे पहले छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पास हुआ था। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं बजट सत्र के आखिरी दिन सार्वजनिक परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने वाला बिल पास हुआ। इसके अलावा स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड बिल 2026 भी पास कर दिया गया है। परीक्षा गड़बड़ी रोकथाम बिल में अभ्यर्थियों के लिए सख्त नियम तय किए गए हैं।

आग की अफवाहः ट्रेन से उतरे यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आए, 4 मौतें

मुरैना/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया। खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए। इसी दौरान दूसरी दिशा से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस मुरैना के निकट हेतामपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची थी। इसी दौरान जनरल

कोच में आग लगने की अफवाह फैल गई। अफवाह के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई और किसी ने इमरजेंसी चेन खींच दी, जिससे ट्रेन बीच रास्ते में रुक गई।

ट्रैक पर उतरे यात्री, सामने आ गई दूसरी ट्रेनः ट्रेन रुकते ही कई यात्री अपनी जान बचाने के लिए दरवाजों और खिड़कियों से उतरकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यात्री सुरक्षित स्थान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मोदी के 12 साल बेमिसाल अभियान को लेकर धरसिंवा के नेउरडीह और बरबन्दा पहुंचे अनुज और अंजय

धरसीवां/ नवप्रदेश। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सफल एवं गौरवशाली 12वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेउरडीह और ग्राम पंचायत बरबन्दा में धरसीवां विधायक माननीय श्री अनुज शर्मा जी के साथ *श्री* *अंजय शुक्ला जी उपाध्यक्ष* *छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड ने* नेउरडीह में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात कर श्रीफल ,पुष्पगुच्छ और शाल देकर आत्मीय सम्मान किए ,और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे मे जानकारी दिए।एवं ग्राम पंचायत नेउरडीह में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान ,गांव के प्रतिभावान छात्र छात्राओं ,समाज के प्रमुखों का सम्मान किए।

तत्पश्चात ग्राम पंचायत बरबन्दा सरपंच श्रीमती मीरा रामकृष्ण मढहरिया जी के घर दोपहर भोजन और विश्राम के बाद बरबन्दा में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के घर जाकर श्रीफल,शाल, पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय सम्मान कर मुलाकात किए। तथा उन्होंने श्री नरेंद्र मोदी दीर्घायु हो और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारो के साथ अपने उद्बबोधन में कहा कि पहले कांग्रेस के सरकार में सिर्फ गरीबी हटाओ

का नारा देते थे , लेकिन श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनने के बाद लाल किले से जो वादा किया था सभी को पूरा कर रहे है , हर वर्ग के गरीबों को पक्का मकान, इलाज के लिए आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपये तक इलाज , किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि , सुकन्या योजना , महतारी वंदना योजना, सभी योजना हर वर्ग के गरीबों को लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के सरकार ,और देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ सभी वर्गो का चिंता करते हुए विकास कर रहा है। आज देश में शांति और सुरक्षा है तथा देश का चहुंओर विकास हो रहा है।

जनसंर्क कार्यक्रम में,श्री दिनेश खूंटे जी उपाध्यक्ष है जनपद पंचायत धरसीवा, श्रीमती रुक्मणी वर्मा जी जनपद सदस्य धरसीवा, श्रीमती बबीता जी जनपद पंचायत सदस्य धरसीवा, श्री हरिशंकर वर्मा जी मंडल अध्यक्ष बोहरही, नेउरडीह सरपंच श्रीमती पार्वती बंजारे जी, बरबंदा सरपंच श्रीमती मीरा रामकृष्ण मढरिया जी, श्रीमती रुखमनी साहू सरपंच सिलियारी ,उपाध्यक्ष युवा मोर्चा,श्री अशोक साहू जी महामंत्री बोहरही, श्री अरविंद ठाकुर जी भाजपा कोषाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, श्रीमती रुक्मणी शिवारे जी मंडल महामंत्री बोहरही,श्री हनुमंत आडील जी युवा मोर्चा अध्यक्ष बोहरही, श्रीमती अनुपमा वर्मा जी मंडल उपाध्यक्ष बोहरही,श्री चंद्रकांत वर्मा जीयुवा मोर्चा महामंत्री, श्री दिलीप रात्रे जी अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष,श्री राजेंद्र पुरी गोस्वामी जी मंडल उपाध्यक्ष, श्री अशोक साहू मंडल महामंत्री, श्री कान्हा तिवारी जी भाजयुमो मंडल मंत्री, श्री संतोष वर्मा जी किसान मोर्चा अध्यक्ष, श्रीपुष्पेंद्र पटेल जी भाजयुमो उपाध्यक्ष,श्री रामकुमार वर्मा जी शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल ,गांव के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता,समाज प्रमुख ,स्थानीय जनप्रतिनिधि ,बड़ी संख्या में देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

लोकतंत्र सेनानी ने देहदान कर दिया समाज को सबसे बड़ा दान: शिवरतन शर्मा ने की भूरी-भूरी प्रशंसा

भाटापारा / नवप्रदेश। त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल पेश करते हुए भाटापारा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व मिशा बंदी 80 वर्षीय रमन लाल अग्रवाल ने मृत्यु उपरांत अपना संपूर्ण शरीर मेडिकल शिक्षा के लिए दान करने का संकल्प लिया है। गुरुवार, 12 जून 2026 को उन्होंने पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के शरीर रचना विज्ञान विभाग में उपस्थित होकर विधिवत देहदान घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए.।

स्थानीय कृष्णा नगर, नयापारा वार्ड, भाटापारा निवासी रमन लाल अग्रवाल सुपुत्र स्व. राधेश्याम अग्रवाल सिर्फएक आम नागरिक नहीं हैं। वर्ष 1975 में देश में लगे आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुखर होकर संघर्ष करने पर उन्हें मिशा के तहत गिरफ्तार कर महीने तक जेल में रखा गया था। जेल की सलाखों के पीछे यातनाएं सहने के बाद भी लोकतंत्र के प्रति उनका संकल्प डिगा नहीं। रिहा होने के बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक कार्यों, जनसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया। आज 80 वर्ष की आयु पार करने के बाद भी समाज सेवा का उनका जज्बा युवाओं जैसा ही है।

यह त्याग शब्दों से परे है÷: शिवरतन शर्मा ने की भूरी-भूरी प्रशंसा- इस प्रेरणादायी निर्णय पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने दूरभाष पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा की रमन लाल अग्रवाल ने जीवनभर राष्ट्रधर्म निभाया है। आपातकाल में लोकतंत्र के लिए जेल की यातनाएं सहीं और आज मृत्यु के बाद भी अपना शरीर समाज को समर्पित कर दिया। यह त्याग शब्दों से परे है। वे सच्चे अर्थों में लोकतंत्र सेनानी हैं। भाटापारा की माटी को ऐसे सपूतों पर गर्व है। उनका यह कदम मेडिकल छात्रों के लिए वरदान साबित होगा।

जरूरतमंदों के लिए फरिश्ता बने यूनुस अजनबी रक्त अलंकरण सम्मान से नवाजे गए

छुरिया/ नवप्रदेश। अस्पतालों में जब रक्त की कमी के कारण मरीजों की सांसें अटक जाती हैं और परिजन मदद की तलाश में भटकते हैं, तब एक नाम अक्सर राहत बनकर सामने आता है–यूनुस अजनबी। जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए विश्व रक्तदाता दिवस पर उन्हें रक्त अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया।भिलाई के कला मंदिर में सेवक जन फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्त अलंकरण सम्मान समारोह में यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप के संयोजक एवं राजनांदगांव जिले के गौरव यूनुस अजनबी को यह सम्मान प्रदान किया गया। वर्षों से वे सिकलसेल और थैलेसीमिया पीड़ितों, सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों, गर्भवती महिलाओं तथा अन्य जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

यूनुस अजनबी और उनकी टीम ने सैकड़ों मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर नई जिंदगी देने में अहम भूमिका निभाई है। यही वजह है कि आज उनका नाम रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में एक भरोसे के रूप में जाना जाता है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल रहे। इस अवसर पर विकास जायसवाल, राज आढ़तिया, हनी गुप्ता, गुलशन पटेल, जाहिद अली सहित आशीर्वाद ब्लड बैंक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और यूनुस अजनबी जैसे लोग समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। एक फोन कॉल पर रक्तदाताओं को जोड़कर अनगिनत लोगों की जिंदगी बचाने वाले यूनुस अजनबी का यह सम्मान पूरे राजनांदगांव जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

गौ-मांस मामले में गाड़ा समाज ने जताया विरोध, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नगरी/ नवप्रदेश। धमतरी जिले के साल्हेवार पारा क्षेत्र में 86 किलो गौ-मांस बरामदगी के मामले को लेकर गाड़ा समाज ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में आवेदन सौंपकर इस घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग की।कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में गाड़ा समाज ने स्पष्ट किया कि उनका समुदाय पारंपरिक रूप से संस्कृति, कला एवं वाद्ययंत्र संगीत से जुड़ा हुआ है तथा किसी भी प्रकार के पशु मांस के क्रय-विक्रय से उनका कोई संबंध नहीं है। समाज का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गाड़ा समाज का नाम जोड़कर पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 14 जून 2026 को प्रकाशित समाचारों के बाद गाड़ा समाज की प्रतिष्ठा एवं सम्मान को ठेस पहुंची है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि गोंड समुदाय गौ माता को पूजनीय मानता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि का समर्थन नहीं करता। यदि इस मामले में कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन पूरे समाज को बदनाम करना उचित नहीं है।गाड़ा समाज ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि धमतरी जिले का गाड़ा समाज गौ-मांस के क्रय-विक्रय या ऐसे किसी भी अवैध कार्य से किसी प्रकार से जुड़ा नहीं है।

म्युल अकाउंट की तस्दीक कर आरोपियों के खिलाफकी जा रही कार्यवाही

म्युल खाता धारकों व उत्प्रेरित करने वालों पर की जा रही कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। आनलाईन माध्यम से लोगो से सायबर ठगी करने वालो और उनको सहयोग करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही हैं।

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा को विश्वस्त सूत्र से जानकारी प्राप्त हुई है कि इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा के खाता धारक द्वारा सायबर धोखाधड़ी के राशि को अपने बैंक खाता में प्राप्त कर म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जा रहा है, प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा से सम्पर्क करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा ढ्ढस्नस्ष्ट कोड के बैंक खाता नम्बर के धारक धर्मराज साहू ग्राम मुरता थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा के नाम पर होना पाया गया। उक्त बैंक खाता का स्टेटमेन्ट इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा से प्राप्त कर

अवलोकन करने पर दिनांक 23.05.2025 से 01.07.2025 तक उक्त बैंक खाता में कुल आहरण रकम 6,52,632/- रूपये एवं जमा रकम 6,65,564/- रूपये है, जिसमें से दिनांक 03.06.2025 को 5000 रूपये सस्पेक्ट पाया गया, उक्त बैंक खाता धारक धर्मराज साहू द्वारा धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने, संवर्धन करना पाये जाने से धारा 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(र) ब्हृस्का अपराध घटित करना पाये जाने, उपरोक्त बैंक खाता धारक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी धर्मराज साहू को पूछताछ करने पर पता चला कि ग्राम मुरता के संतोष साहू एवं एक अन्य के द्वारा इसे लोन दिलाने के नाम पर इसका अलग-अलग बैंक में खाता खुलवाकर बैंक पास बुक, एटीएम एवं सीम को अपने पास रखकर धोखाधड़ी के रकम का ट्रांसफर कराना। आरोपी संतोष साहू एवं एक अन्य से पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया था। आरोपियों से कुल 05 नग पास बुक, 02 नग चेक बुक, 02 नग मोबाईल एवं 08 नग एटीएम जप्त किया गया था।

प्रकरण में आरोपी संतोष साहू एवं एक अन्य के द्वारा लोगों का बैंक खाता खोलवाकर धोखाधड़ी रकम को बैंक खाता में प्राप्त कर आहरण करना एवं आरोपी धर्मराज द्वारा संतोष साहू एवं एक अन्य से रकम लेकर अपना बैंक खाता खोलवाकर धोखाधड़ी रकम को प्राप्त कर संवर्धन करना पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से 11 अप्रैल 2026 को आरोपियों धर्मराज साहू एवं संतोष कुमार साहू एवं एक अन्य को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया था।

जमीन विवाद में हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी तोप सिंह साहू उम्र 38 वर्ष, निवासी ढारा थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि करीबन 15 दिनों से अपने परिवार के साथ बेमेतरा मे किराये के मकान मे रहकर मजूदरी का काम करता हूं। ग्राम ढारा के घर में मेरी मां और मंझला भाई प्रदीप साहू व छोटा भाई जलेश्वर साहू रहते है। आज दिनांक 13.06.2026 को वह पेट्रोल पंप बेमेतरा के पास के घर मे मजदूरी काम करने गया था कि दोपहर 02.13 बजे मेरा मंझला भाई प्रदीप अपने मोबाईल फोन कर बोला कि घर का बटवारा करना है तब वह बोला कि ठीक है आ रहा हूं बैठ के बात करेंगे, मोबाईल से मंझले भाई प्रदीप व छोटे भाई जलेश्वर के लडाई झगडा करने की आवाज आ रहा था। काम कर ही रहा था कि दोपहर 02.29 बजे छोटा भाई जलेश्वर साहू ने अपने मोबाईल से मुझे फोन कर खेती किसानी के पैसे का हिसाब पूछने लगा तब मोबाईल में दोनो भाईयो के आपस में लड़ने झगड़ने का आवाज आ रहा था।

तब काम छोड़कर दोपहर करीबन 03 बजे बेमेतरा से घर ढारा आया तो छोटा भाई जलेश्वर साहू घर के दरवाजे में बैठा था जिससे प्रदीप कहां है पूछा तो बोला कि वो मेरे से झगड़ रहा था गुस्से घर में गैती से उसे मार दिया हूं, तब घर अंदर जाकर देखा तो मंझला भाई प्रदीप घर के परछी मे खून से लथपथ पडा था जिसके सिर में गंभीर चोट लगा हुआ है मेरे मंझला भाई प्रदीप साहू की मृत्यु छोटे भाई जलेश्वर साहू के द्वारा गैती से उसके सिर में प्राण घातक वार कर हत्या करने से मृत्यु हुआ है, कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 103(1) ब्हृस् पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

धमतरी के रंगकर्मी आकाश गिरी गोस्वामी को मिला प्रतिष्ठित सुदर्शन गौर कला गौरव सम्मान

धमतरी। धमतरी के युवा रंगकर्मी एवं सांस्कृतिक कार्यकर्ता आकाश गिरी गोस्वामी को रंगकर्म, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित ÷सुदर्शन गौर कला गौरव सम्मान÷ से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा प्रदान किया गया।

यह सम्मान देशभर के उन चुनिंदा कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने कला, साहित्य, रंगमंच एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक जागरूकता लाने तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और

संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आकाश गिरी गोस्वामी पिछले कई वर्षों से रंगमंच, नाट्य निर्देशन, अभिनय, लेखन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े सांस्कृतिक अभियानों में सक्रिय हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय नाट्य प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक आयोजनों और जनजागरूकता कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। स्वच्छता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, युवा जागरूकता तथा भारतीय सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर आधारित उनके नाट्य कार्यों को दर्शकों और विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया है।

पुलिस थाना भाटापारा शहर में चला स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान

■ मारवाड़ी युवा मंच भाटापारा के सहयोग से रोपे गए पौधे

भाटापारा/ नवप्रदेश। सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पुलिस थाना भाटापारा शहर परिसर में विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य थाना भाटापारा शहर परिसर को सुंदर और हरा-भरा बनाना तथा आम जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। ?अभियान के दौरान थाना

परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात, मारवाड़ी युवा मंच, भाटापारा के ऊर्जावान युवाओं के विशेष सहयोग और सहभागिता से थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा ने कहा कि, ?÷पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पुलिस बल न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

मातातालाब मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया

नगरी / नवप्रदेश। स्वच्छता पखवाड़ा एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगरी वनमंडल द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित मातातालाब मंदिर परिसर में विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना

था।अभियान के दौरान माता तालाब मटियाबाहरा एवं शीतला तालाब एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर आसपास फैले कचरे को हटाया गया।

मुख्यमंत्री से मिले डॉ. मनीष सिन्हा, जिले के विकास से जुड़े मुद्दे उठाए

गरियाबंद / नवप्रदेश।। भाजपा जिला मंत्री एवं झाकरपारा मंडल प्रभारी डॉ. मनीष सिन्हा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देवसाय जी से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े चार महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को देवभोग-अमलीपदर क्षेत्र सहित पूरे गरियाबंद जिले की आवश्यकताओं से अवगत कराया और शीघ्र कार्रवाई का आग्रह

किया। डॉ. सिन्हा ने देवभोग क्षेत्र के बेलाट नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य, अमलीपदर में नवीन शासकीय महाविद्यालय की स्थापना, अमलीपदर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने तथा गरियाबंद जिले के लिए स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय के निर्माण एवं संचालन कार्य को जल्द शुरू कराने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. सिन्हा ने कहा कि ये सभी मांगें क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं से जुड़ी हैं और इनके पूरा होने से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

इन मांगों के पूरा होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बेलाट नाला पर पुल बनने से आवागमन आसान होगा और ग्रामीणों को वर्षभर बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। अमलीपदर में शासकीय महाविद्यालय खुलने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

कृषि विभाग का बड़ा शिकंजा

859 बोरी रासायनिक उर्वरक व 700 बोरी जैविक खाद जब्त

धमतरी/ नवप्रदेश। खरीफ सीजन में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में कृषि विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न उर्वरक विक्रय केन्द्रों में सघन जांच अभियान चलाते हुए 859 बोरी रासायनिक उर्वरक और 700 बोरी जैविक खाद जब्त की है। वहीं गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर तीन उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।निरीक्षण के दौरान विकासखंड मगरलोड के करेली

छोटी स्थित मेसर्स वंदना खाद भंडार में किसानों को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने और कैश मेमो जारी नहीं करने की शिकायत सही पाई गई। कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान का उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया तथा परिसर में रखी 269 बोरी यूरिया, 354 बोरी एनपीके और 236 बोरी डीएपी सहित कुल 859 बोरी रासायनिक उर्वरक जब्त कर लिया गया। जब्त सामग्री के संबंध में आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन के निर्देशानुसार की जाएगी। इसी तरह विकासखंड नगरी के पवार ट्रेडर्स, बेलरगांव में बिना वैधानिक अनुमति के 600 बोरी जैविक खाद का भंडारण पाए जाने पर उसे जब्त कर लिया गया। वहीं जय किसान ट्रेडर्स, बेलरगांव से भी 100 बोरी जैविक खाद जब्त की गई। दोनों प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

विकासखंड कुरूद के मेसर्स चण्डी ट्रेडर्स और मेसर्स किसान ट्रेडर्स में भौतिक सत्यापन के दौरान पॉस मशीन के रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक में अंतर मिला। इसके अलावा निर्धारित बोर्ड पर मूल्य सूची और उपलब्ध स्टॉक का प्रदर्शन भी नहीं किया गया था।

अवैध रेत परिवहन पर की बड़ी कार्रवाई, 11 वाहन जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) के अंतर्गत 14 जून को खनिज रेत के अवैध परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई।जांच के दौरान ग्राम मउ क्षेत्र में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 07 वाहनों को जब्त कर थाना चंदनू की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया। इसी प्रकार जेवरा-कठिया क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 04 वाहनों को जब्त कर थाना बेमेतरा के सुपुर्द किया गया।खनिज विभाग द्वारा सभी जब्त वाहनों के विरुद्ध अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। संबंधित मामलों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लगभग 3 लाख रुपये से अधिक की अर्थदण्ड राशि वसूल कर प्रकरणों का प्रशमन किया जाएगा।

सड़कों और पुलों के निर्माण की धीमी गति पर बिफरे उप मुख्यमंत्री साव, 2 ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव द्वारा सड़कों व पुलों के निर्माण की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जाहिर करने और ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश के बाद विभाग ने दो ठेकेदारों के पंजीयन निरस्त कर दिए हैं। लोक निर्माण विभाग ने कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने वाले 8 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए हैं। वहीं पूर्व में दो ठेकेदारों को जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब का परीक्षण कर ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई के लिए मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मंगाया गया है।

लोक निर्माण विभाग ने 10 जून को भी राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर केशलूर-जगदलपुर मार्ग में किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे लाइन के ऊपर केशलूर के पास बन रहे फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज में काम की प्रगति मंजूर किए गए निर्माण कार्यक्रम से काफी पीछे होने और तय किए गए माइलस्टोन्स के अनुरूप नहीं होने पर ठेकेदार मेसर्स अशोक कुमार मित्तल को नोटिस जारी कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पिछले सप्ताह चार दिनों के बस्तर प्रवास के दौरान अपने चारों विभागों के कार्यों का निरीक्षण कर गहन समीक्षा की थी। उन्होंने निरीक्षण और बैठकों के दौरान सड़कों व पुलों के निर्माण की धीमी प्रगति पर अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर गहरी नाराजगी जताई थी। उन्होंने काम में लापरवाही, देरी और अनुबंध के अनुसार अपेक्षित तेजी नहीं लाने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। विभाग ने कांकेर के आमाबेड़ा-सेमर गांव सड़क पर नेरूल नदी तथा बोड़ागांव-खासगांव-तरादुल मार्ग में डुमरीकेल नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के कार्य में लेट-लतीफी पर ठेकेदार निर्भय राम साहू का पंजीयन आगामी दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है। विभाग द्वारा प्रगति की लगातार समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के लिए बार-बार निर्देशित और नोटिस जारी करने के बावजूद इन दोनों ठेकेदारों के काम की गति असंतोषजनक है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने नारायणपुर-सोनपुर-मरोदा मार्ग के चौड़ीकरण व सुधार कार्य की धीमी गति पर ठेकेदार पंकज हालदार को पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस के उत्तर का परीक्षण कर कार्रवाई के लिए बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन मंगाया है।

इन ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी

विभाग ने कांकेर-अमोड़ा-नरहरपुर मार्ग के ठेकेदार मेसर्स बी.एम.एस. प्रोजेक्ट, कोंडागांव में हडेली-कुदूर मार्ग के ठेकेदार मेसर्स सुराना एंड कंपनी और जगदलपुर-चित्रकोट मार्ग के ठेकेदार मेसर्स एस.के. अरोरा को कार्यों में धीमी प्रगति के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कार्यस्थलों पर काम की प्रगति मंजूर किए गए निर्माण कार्यक्रम से काफी पीछे होने और तय किए गए माइलस्टोन्स (महत्वपूर्ण पड़ावों) के अनुरूप नहीं होने पर सुकमा के चिंतलनार-मरियागुड़म सड़क के ठेकेदार के. मोहन रेड्डी, ट्रांससॉफ्ट इन्फ्रा और मेसर्स राघव कन्स्ट्रक्शन, कोंटा-गोलापल्ली मार्ग के ठेकेदार मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स राघव कन्स्ट्रक्शन तथा भेज्जी-चिंतागुफा सड़क का निर्माण कर रहे ठेकेदार के. मोहन रेड्डी एवं गोविन्द्र सिंह देशमुख को लोक निर्माण विभाग के सुकमा संभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने चार पुलों के निर्माण की धीमी प्रगति पर ठेकेदार मेसर्स गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कंपनी का पंजीयन दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है। कंपनी द्वारा भवरडींग नदी पर अदनार-तोतर मार्ग, कोंडागांव के घोटिया-मुंडा-चांदाबेड़ा मार्ग और बड़े राजपुर विकासखंड के पलना-मरीगांव-कुंडई मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है।

न्यूज़ गैलरी

घर में घुसा युवक धमकाकर की लूट

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर पर दो नाबालिग बहनों को डराकर रुपए छीनने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवक पानी मांगने के बहाने घर पहुंचे और मौका पाकर घर में घुस गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, देवरीखुर्द क्षेत्र निवासी एक व्यापारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, उनकी अलमारी और कूलर निर्माण की फैक्ट्री है। 12 जून की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपनी पत्नी और बड़े बेटे को आंख के इलाज के लिए घुरू स्थित अमरकंटक अस्पताल लेकर गए थे। इस दौरान घर में उनकी दोनों बेटियां अकेली थीं। शिकायत में बताया गया है कि, रात करीब साढ़े 8 से 9 बजे के बीच अंश कुमार और ऋषभ भट्टाचार्य नामक दो युवक घर पहुंचे। उन्होंने पहले गेट के बाहर से पानी मांगा। उनकी बेटी ने उन्हें एक गिलास पानी दिया। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा पानी मांगा। जब बेटी पानी लेने अंदर गई, तभी अंश कुमार ने गेट को धक्का देकर घर के अंदर घुस गया।

कोसरिया यादव समाज ने संगठित होने का दिया संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की लवन परिक्षेत्रीय बैठक रविवार को गांतापार में हुई। प्रदेश अध्यक्ष माधव कुंवर यादव ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने पदाधिकारियों से गांव-गांव तक संगठन को सक्रिय करने व सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। प्रदेश सचिव राजेश यादव ने संगठनात्मक ढांचे, समाज के नियमों व सामाजिक योजनाओं की जानकारी दी। प्रदेश संगठन मंत्री सुरेश यादव ने युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में कोषाध्यक्ष रमेश यादव, संरक्षक भगत यादव, किशोर यादव, राजेश रावत व राजकुमार यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

वैश्य साहू समाज की पेंटिंग में दिखी प्रतिभा

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैश्य साहू समाज एवं मां कर्मा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कंपनी गार्डन में समाज के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। जिसमें बच्चों को 'चरती हुई गाय' व 'चंद्रयान' विषय पर चित्रांकन करना था। संचालन आशीष परमेश्वर साहू ने किया। वर्ग-1 में प्रथम श्रीनिका साहू, द्वितीय गार्गी साहू, अनुषा साहू और तृतीय श्रीमिका साहू, हर्ष साहू, हर्षिता साहू रहीं। वर्ग-2 में प्रथम आरना साहू, द्वितीय अद्विक साहू, वैष्णवी साहू, तृतीय शौर्य साहू, अथर्व साहू, आचार्य साहू रहे। निर्णायक मृणाल एरी व दीपक साहू रहे। संरक्षक डॉ. शकुन जीतपुर, विंध्यवासिनी साहू, अध्यक्ष उमाकांत साहू, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन सुरेंद्र साहू ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर व एसएसपी ने की समीक्षा

सड़क सुरक्षा में लापरवाही करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई: कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा नागरिकों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कल जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य मार्गों एवं ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान बैठक में जिले के कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं भारी वाहन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण हैं।

अवैध पार्किंग, अनधिकृत ढाबों और दुर्घटना के कारणों पर सख्ती के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि सड़क किनारे संचालित कई ढाबों एवं होटलों के कारण अवैध पार्किंग की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे प्रतिष्ठानों को स्वयं पार्किंग की समुचित व्यवस्था करनी होगी। आवश्यकता होने पर निजी भूमि मालिकों की सहमति से पार्किंग विकसित की जा सकती है। उन्होंने सड़क किनारे उपलब्ध शासकीय भूमि का भी सर्वे कर पार्किंग के लिए चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग स्थलों पर मार्गदर्शन हेतु कर्मियों की व्यवस्था करने को कहा। बरसात के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने सड़कों पर घूमने अथवा बैठने वाले मवेशियों के प्रभावी प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसके लिए गोधन आश्रय स्थलों, गौठानों एवं गोधामों को अभी से तैयार रखा जाए। वहां साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निर्देशों का कड़ाई से होगा पालन: एसएसपी

वहीं जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के सभी निर्देशों का जिले में कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है, फिर भी सुधार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। पिछले छह माह के दौरान जिले में सड़क दुर्घटनाओं से 151 लोगों की मृत्यु हुई है। रतनपुर, तखतपुर एवं मस्तूरी थाना क्षेत्रों में सर्वाधिक दुर्घटनाएं और मौतें दर्ज की गई हैं। उन्होंने थाना-वार दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रमुख कारणों का विश्लेषण किया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनकर उभरा है। ऐसे मामलों में केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं, बल्कि आवश्यकतानुसार प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों को समन्वित टीम भावना के साथ कार्य करने पर बल दिया। बैठक में यह भी बताया गया कि टोल टैक्स से बचने के उद्देश्य से कुछ भारी वाहन ग्रामीण सड़कों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ रही है। एसएसपी ने ऐसे वाहनों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, जिपं के सीईओ संदीप अग्रवाल एवं बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू सहित जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारी, एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग, परिवहन, पशु चिकित्सा एवं अन्य संबंधित विभागों के आला अधिकारियों उपस्थित रहे। जहां सभी अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन का स्वरूप देने तथा दुर्घटनामुक्त बिलासपुर के लक्ष्य की दिशा में समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

पेन्शन अदालत में मिले मामलों का किया गया त्वरित निराकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पारिवारिक पेंशनधारकों की पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रत्येक वर्ष जून एवं दिसम्बर माह में पेन्शन अदालत का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज 15 जून को मंडल कार्मिक सभाकक्ष, बिलासपुर में प्रातः 11 बजे पेन्शन अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों से प्राप्त पेंशन संबंधी मामलों की सुनवाई की गई। पेन्शन अदालत में कुल 4 आवेदन प्राप्त हुए थे ।

प्राप्त आवेदनों पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक सुमित्रा पाल, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी भास्कर गुहा तथा कार्मिक एवं लेखा विभाग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। प्रत्येक प्रकरण का रेलवे नियमों एवं प्रचलित प्रावधानों के अनुरूप परीक्षण करते हुए आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा सभी चारों मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। पेन्शन अदालत के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध होता है, जिससे उनकी शिकायतों का शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। बिलासपुर मंडल प्रशासन पेंशनधारकों के हितों की रक्षा एवं उन्हें बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज, बहतराई स्टेडियम में जिला स्तरीय आयोजन 21 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को बिलासपुर के बी.आर. यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर, बहतराई इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष का विषय 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रखा गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास एवं विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया जाएगा।



कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन की व्यापकता को देखते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यानिकी विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा आयुष विभाग सहित अन्य विभाग समन्वित रूप से आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों तथा शैक्षणिक संस्थानों में भी योग दिवस के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। योग दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण, बीज वितरण, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों, स्काउट-गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) तथा अन्य सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों एवं चिकित्सा दलों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जा सके।योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा के लिए 16 जून को कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जिले में योग के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास को समर्पित: अरुण साव

मीडिया संवाद कार्यक्रम में जनकल्याणकारी उपलब्धियों की जानकारी दी

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देश में हुए विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई यह यात्रा जनता के विश्वास, पारदर्शी शासन और गरीब कल्याण के संकल्प पर आधारित रही है, जिसके कारण प्रधानमंत्री श्री मोदी को लगातार तीसरी बार देश की सेवा का अवसर मिला है। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ,महापौर पूजा विधानी, दीपक ठाकुर एवं हर्षिता पांडे भी उपस्थित थीं।

श्री साव ने कहा कि केंद्र सरकार ने जन-धन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए सरकारी सहायता सीधे हितग्राहियों तक पहुंची है तथा पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला है। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में देश में सड़क, रेल, मेट्रो, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों को लाभ मिला है, वहीं रेलवे के विद्युतीकरण और वंदे भारत ट्रेनों ने आधुनिक परिवहन व्यवस्था को नई गति दी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने विकास के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय गौरव और जनभागीदारी को भी सशक्त किया है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है तथा जी-20 की सफल अध्यक्षता, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और बढ़ते विदेशी निवेश ने विश्व समुदाय के भारत पर बढ़ते विश्वास को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित, आत्मनिर्भर और समावेशी भारत के निर्माण का अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा केंद्र सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

अभिनव पहल: 3 मई से 15 जून तक गूगल मीट से चली नवाचारी कक्षाएं, बच्चों ने खेल-खेल में सीखी पढ़ाई, विशेषज्ञों ने भी की सराहना

शिक्षिका तृप्ति की ऑनलाइन कक्षाओं ने बच्चों में जगाई सीखने की नई ऊर्जा

सीपत/नवप्रदेश। बिल्हा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा, संकुल गोंदईया की सहायक शिक्षिका श्रीमती तृप्ति यादव ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को शिक्षा से निरंतर जोड़े रखने, उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नई तकनीक के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल करते हुए गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं का सफल संचालन किया।

3 मई से प्रारंभ हुई यह शैक्षणिक मुहिम 15 जून 2026 को विधिवत सम्पन्न हुई। ऑनलाइन कक्षाओं की शुरुआत से पहले शिक्षिका तृप्ति यादव स्वयं बच्चों के घर पहुंचीं और विद्यार्थियों व उनके पालकों को गूगल मीट के माध्यम से कक्षा से जुड़ने की पूरी प्रक्रिया समझाई। साथ ही प्रतिदिन निर्धारित समय पर नियमित रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनकी इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र के पालकों और बच्चों का भरपूर सहयोग एवं उत्साहपूर्ण प्रतिसाद मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बच्चों के बुनियादी शैक्षणिक ज्ञान में कमी आ जाना एक सामान्य चुनौती मानी जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए शुरू की गई इस ऑनलाइन कक्षा में शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा गोंदईया, प्राथमिक शाला चूमकवां तथा मिडिल स्कूल पेण्डरवा के विद्यार्थियों ने नियमित सहभागिता निभाई। कक्षाओं में बच्चों को नवाचारी शिक्षण पद्धति के तहत प्रतिदिन नई-नई चुनौतियां दी गई तथा स्वयं करके सीखने के अवसर प्रदान किए गए। प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के साथ हिंदी, अंग्रेजी, बुनियादी गणित, पर्यावरण अध्ययन, योग, कला शिक्षा तथा शाला सुरक्षा जैसे विषयों का कक्षा स्तर के अनुरूप

रोचक एवं गतिविधि आधारित अध्यापन कराया गया। बच्चों को यह ऑनलाइन शिक्षण इतना पसंद आया कि समय के साथ उनकी संख्या भी लगातार बढ़ती गई। इस नवाचार की सराहना करते हुए एफएलएन के जिला प्रभारी एवं नोडल अधिकारी, डाइट पेंड्रा के विकास कुमार वर्मा ने ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़कर शिक्षिका तृप्ति यादव के समर्पण, लगन एवं नवाचारी सोच की प्रशंसा की तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं प्राथमिक शाला लमकनिहापारा, कोटा के प्रधान पाठक दिनेश प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि इस पहल से बच्चों में आत्मविश्वास का विकास हुआ है, जो उन्हें भविष्य में सफलता के शिखर तक पहुंचाने में सहायक होगा। महासमुंद जिले से शीला विश्वास ने भी ऑनलाइन कक्षा में शामिल होकर बच्चों को अंग्रेजी विषय से संबंधित गतिविधियों एवं चुनौतियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया। शैक्षिक समन्वयक मधुसूदन दुबे ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इसका सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में निश्चित रूप से दिखाई देगा। ऑनलाइन कक्षाओं के सफल संचालन में मिडिल स्कूल पेण्डरवा की प्रार्थना सोनी एवं परमेश्वर गहवई ने विशेष सहयोग दिया। इसके अलावा संस्था प्रमुख शकील अहमद खोखर तथा शिक्षिका चमेली राज भी समय-समय पर ऑनलाइन कक्षाओं में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते रहे और शिक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करते रहे। इस ऑनलाइन शैक्षणिक अभियान में अमन, प्रियल, रीमा, निहारिका, सिद्धि, सुमित, राधिका, हिमांशी, माही, पल्लवी, प्रेम साहू, श्रुति, रजनीश एवं जुनैद सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सुविचार

इस संसार में मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जिसका जहर उसके दांतों में नहीं बल्कि बातों में भरा होता है।

टीएमसी डाल-डाल, बागी पात-पात

तृणमूल कांग्रेस में चल रही आंतरिक कलह अब इस पार्टी में विभाजन की स्पष्ट रेखा खींच ही गई। पिछले एक सप्ताह से ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पार्टी को बचाने की कवायद करते रहे लेकिन बगावत को रोकने में विफल रहे। ममता बनर्जी डाल-डाल तो बागी पात-पात का खेल खेलते रहे और आखिरकार टीएमसी के बीस सांसदों ने अपने गुट का विलय नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी आफइंडिया में करने की घोषणा कर दी। इस बाबत लोकसभा अध्यक्ष ओम् बिड़ला को पत्र लिखकर लोकसभा में अपने बैठने की अलग व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इस पर स्पीकर का फैसला आना बाकी है लेकिन यह तय हो गया है कि टीएमसी अब अधिकृत रुप से दो फाड़ हो गई है। गौरतलब है कि बागी सांसदों की लोकसभा सदस्यता खत्म कराने के लिए ममता बनर्जी ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी जो लोकसभा में टीएमसी संसदीय दल के नेता भी हैं ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर बागी सांसदों को अलग गुट के रूप में मान्यता न देने का अनुरोध किया था। इससे पेंच फंस सकता था और टीएमसी में बगावत का यह मामला कोर्ट में जाता तो साल दो साल इसे लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी रहती जैसे महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में हुई बगावत के बाद बनी थी।यही वजह है कि टीएमसी के बागी सांसदों ने कानूनी पचड़े में पड़ने से बचने के लिए एनसीपीआई नामक एक पार्टी में विलय का फैसला लिया है। अब बागी गुट तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर दावा भी नहीं करेगा। जो ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के लिए भारी राहत की बात है जिन्हें यह डर खाए जा रहा था कि बंगाल के बागी विधायक और सांसद कहीं खुद को असली टीएमसी न बताने लगे और महाराष्ट्र की शिवसेना और राकांपा की तरह बंगाल में टीएमसी भी उनके हाथ से न निकल जाए। बागी सांसदों ने टीएमसी पर अपना दावा छोड़कर सही किया है क्योंकि टीएमसी की बंगाल में बहुत बुरी गत बन रही है। वहां के लोगों को टीएमसी के नाम से ही नफरत हो गई है। भले ही वे एक अनाम पार्टी में मर्ज हो रहे हैं लेकिन इससे उन्हें अलग पहचान मिलेगी। गौरतलब है कि नेशनलिस्ट सिटीजन पार्टी आफइंडिया का सिर्फ त्रिपुरा, असम और बंगाल में मामूली प्रभाव है लेकिन इसे चुनाव आयोग द्वारा राजनीतिक पार्टी के रुप में मान्यता प्राप्त है। इस पार्टी ने यह भी एलान कर दिया है कि वह लोकसभा में एनडीए का समर्थन करेगी। इससे अब लोकसभा में एनडीए की ताकत और बढ़ गई है। एनडीए सांसदों की संख्या बढकर अब 312 हो गई है। यदि डीएमके भी समर्थन में आ जाती है तो यह संख्या और बढ़कर 334 तक पहुंच जाएगी। टीएमसी के पास अब सिर्फ 9 लोकसभा सदस्य और मात्र सोलह विधायक ही बचे हैं। इनमें से भी कब कौन ममता बनर्जी से पल्ला छुड़ाकर बागी बन जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। सही बात है सबको अपने भविष्य की चिंता है। वे उस पार्टी से भला क्यों जुड़े रहेंगे जिस पार्टी का ही कोई भविष्य नहीं है। डूबती नाव में भला कोई क्यों सवारी करेगा? अब देखना दिलचस्प होगा कि खुद को सबसे बड़ा खिलाड़ी समझने वाली ममता बनर्जी अपनी पार्टी का खेला खत्म होने के बाद कौन सा नया खेला करती हैं?

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर

देश के लिए, राष्ट्र के लिए लड़ने वालों का अपना एक जुनून होता है. उनके भीतर एक पागलपन होता है। कोई दौलत के लिए, कोई औरत के लिए, कोई संपत्ति के लिए, कोई नाम के लिए, कोई काम के लिए, कोई जाम के लिए, हां इस दुनिया में ऐसे ही हैं। अब आपको सोचना है किसके लिए?? पहली सीढ़ी है विश्वास; जैसे श्वास चलती है वैसे विशेष श्वास का नाम है विश्वास । जब विश्वास ही करते हो तो इतनी जल्दी मत तोड़ना और नहीं करते तो ढोंग भी मत करना। क्या मतलब हैं? दुनिया कुछ भी कहे मेरे तो वो ही मेरे हैं। जि अगर भगवान मानते हो अपने गुरु को तो फिर शंका कैसा? और इंसान मानते हो तो फिर आरोप क्या ? विवेक कौन है? तुम्हारे जीवंत गुरु, तुम्हारी आत्मा। गुरु प्रेम, गुरु वाणी, गुरु के निर्देशित मार्ग पर चलना ही विवेक है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1903- हेनरी फोर्ड ने 12 लोगों के साथ मिलकर फोर्ड मोटर कंपनी की स्थापना की। 1911 - न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स्थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था। 1963 - रूस की 26 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री लेफ्टिनेंट वैलेनटीना तेरेशकोवा ने वोस्तोक 6 के जरिए अंतरिक्ष की उड़ान भरी। वह अंतरिक्ष की अथाह गहराइयों की ओर रवाना हुई विश्व की पहली महिला थीं। 1976 - दक्षिण अफ्रीका में सोवेटो छात्र आंदोलन शुरू हुआ। 1979 - सीरिया में मुस्लिम ब्रदरहुड के साथ संघर्ष में 62 शेखों की मौत। 1983 - छत्तीसगढ़ के 'गुरु घासीदास विश्वविद्यालय' की स्थापना हुई। 1992 - ब्रिटेन की राजवधू डायना के जीवन पर लिखी गई एक किताब का विमोचन। राजकुमारी डायना पर विवादास्पद किताब का विमोचन। 'डायना - ए ट्रू स्टोरी' शीर्षक की इस पुस्तक में डायना को दुखी और असंतुलित बताया गया। 2001 - अमेरिकी राष्ट्रपति बुश की पांच दिवसीय यूरोप यात्रा रूस में समाप्त, पुतिन ने अमेरिकी प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम का विरोध किया। 2007 - सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में लगातार सबसे लम्बे समय तक रहने वाली महिला बनीं। एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए शिल्पा को सिल्वर स्टार अवार्ड से नवाजा गया। 2008 - कैलिफोर्निया में समलैंगिक जोड़े को शादी करने की इजाजत। 2008 - उत्तर प्रदेश राज्य वित्त मंत्रालयों का एक पैनल पेट्रोलियम ईंधनों पर बिक्रीकर में कटौती पर सहमत हुआ। 2008 - मशहूर शायर वसीम बरेलवी को प्रथम फिराक गोरखपुरी पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रार्थना नहीं, संस्कारों का पाठ है छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय!

देवेंद्र किशोर गुप्ता

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्कूलों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र को शामिल किए जाने के निर्णय पर कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं। इसे धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताया जा रहा है। ऐसे लोगों के विचारों से मै असहमत हूं। मुझे लगता है यह निर्णय धर्म विशेष का प्रचार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का प्रयास है।

सबसे पहले यह समझना होगा कि विद्यालय केवल परीक्षा पास करने की फैक्ट्री नहीं होते। उनका उद्देश्य अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक तैयार करना भी होता है। दुनिया की हर विकसित सभ्यता अपने बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान नहीं देती, बल्कि अपने इतिहास, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराती है। भारत यदि अपने बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना चाहता है तो इसमें गलत क्या है?

कुछ लोग पूछ रहे हैं कि स्कूल में पढ़ाई होनी चाहिए या प्रार्थना? यह सवाल ही अधूरा है। क्योंकि भारत की शिक्षा परंपरा में ज्ञान और संस्कार दोनों साथ-साथ चलते रहे हैं। सरस्वती वंदना का अर्थ किसी एक धर्म की पूजा नहीं, बल्कि ज्ञान के प्रति सम्मान है। गुरु मंत्र शिक्षक और ज्ञान परंपरा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। भोजन मंत्र भोजन के प्रति कृतज्ञता का भाव सिखाता है। गायत्री मंत्र मन की एकाग्रता और सकारात्मक चिंतन का संदेश देता है, जबकि शांति मंत्र समाज और विश्व कल्याण की

कामना करता है। इनमें कहीं भी किसी दूसरे धर्म के प्रति विरोध, घृणा या असहिष्णुता का भाव नहीं है।

धर्मनिरपेक्षता का अर्थ अपनी संस्कृति से घृणा करना नहीं होता। भारतीय संविधान ने कभी यह नहीं कहा कि भारत अपनी सभ्यता, अपनी परंपराओं और अपने सांस्कृतिक प्रतीकों को भूल जाए। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है सभी आस्थाओं का सम्मान।

एक और तर्क दिया जा रहा है कि इससे वैज्ञानिक सोच प्रभावित होगी। यह तर्क भी तथ्यों से परे है। दुनिया को शून्य देने वाला भारत, आयुर्वेद, गणित, खगोल विज्ञान और दर्शन की महान परंपरा वाला भारत, उसी संस्कृति से निकला है जिसे आज कुछ लोग पिछड़ा साबित करने में लगे हैं। आर्यभट्ट और भास्कराचार्य की भूमि पर विज्ञान और संस्कृति कभी एक-दूसरे के विरोधी नहीं रहे। जापान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देश आधुनिक तकनीक में अग्रणी हैं, लेकिन अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को भी उतना ही महत्व देते हैं। आधुनिकता और सांस्कृतिक चेतना साथ-साथ चल सकती हैं।

आदिवासी समाज और अन्य समुदायों को लेकर भी भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। जबकि भारत की संस्कृति का मूल भाव ही विविधता में एकता है। आदिवासी परंपराओं में भी प्रकृति, धरती, जल, वन और पूर्वजों के प्रति सम्मान का भाव है। सनातन संस्कृति भी यही सिखाती है कि मातृभूमि, प्रकृति और ज्ञान का सम्मान किया जाए। इसलिए इसे किसी समुदाय के खिलाफ खड़ा करना केवल राजनीतिक दृष्टिकोण हो सकता है, सामाजिक या सांस्कृतिक नहीं।

सच्चाई यह है कि आज पूरी दुनिया अपनी जड़ों की ओर लौट रही है। इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, लेकिन रामायण वहां की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। मलेशिया और थाईलैंड में भी भारतीय सभ्यता के अनेक प्रतीकों का सम्मान किया जाता है। जब दूसरे देश अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व कर सकते हैं, तो भारत अपनी हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा पर गर्व क्यों न करे?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरोप लगाना आसान है, लेकिन यह भी सच है कि संघ ने हमेशा भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता की बात की है। अपनी संस्कृति का संरक्षण करना किसी के खिलाफ होना नहीं है। अपने पूर्वजों, अपने ज्ञान और अपनी मातृभूमि का सम्मान करना सांप्रदायिकता नहीं, बल्कि सभ्य समाज की पहचान है।

छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बच्चों में अनुशासन, कृतज्ञता, राष्ट्रभक्ति, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना विकसित करने का प्रयास करता है। शिक्षा केवल दिमाग को प्रशिक्षित करने का नाम नहीं है, बल्कि मन और चरित्र को भी गढ़ने की प्रक्रिया है। जो समाज अपनी जड़ों से कट जाता है, वह भविष्य में अपनी पहचान भी खो देता है।

इसलिए इस निर्णय को राजनीति और वैचारिक पूर्वाग्रह के चश्मे से देखने के बजाय भारतीय शिक्षा और संस्कृति के व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। विज्ञान हमें आगे बढ़ने की शक्ति देता है, जबकि संस्कृति हमें यह याद दिलाती है कि हम कौन हैं। दोनों का संतुलन ही एक सशक्त, आत्मविश्वासी और विकसित भारत की नींव बन सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इसी दिशा में एक सार्थक कदम उठाया है, जिसका स्वागत होना चाहिए।

स्वस्थ भारत, सशक्त भारत- स्वास्थ्य देखभाल विकास के 12 वर्ष

अनुप्रिया पटेल

बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली से आर्थिक उत्पादकता बढ़ती है, कार्यबलकी संख्या में बढ़ोतरी होती है और विकास दीर्घावधि तक होता है। इसलिए, अच्छी सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा संकेत है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति भी है। यह वह आधार है, जिस पर मानवीय क्षमता का निर्माण होता है और देश की ताकत मापी जाती है। इसलिए, बेहतर सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति हैऔर इसमें लगाया गया हर रुपया देश के लोगों में किया गया निवेश है। इस तरह, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) , यानी यह सुनिश्चित करना कि सभी लोग, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, बिना किसी आर्थिक परेशानी के, जब और जहाँ ज़रूरत हो, अच्छी गुणवत्ता की सभी ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं हासिल कर सकें। यह न केवल 2030 तक हासिल किया जाने वाला सतत् विकास का लक्ष्यहै, बल्कि सेहत से जुड़ी एक प्राथमिकता भी है। भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (एनएचपी 2017), सार्वभौमिक स्वास्थ्यकवरेज (यूएचसी) और एसडीजी 3 को हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप हैऔर यह एक सरल लेकिन मज़बूत सोच पर आधारित है ङ्क स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुँच होनी

चाहिए। इसके चार स्तंभ, किफायती होना, पहुँच, गुणवत्ता और उपलब्धता , उस सोच को वास्तिवकता में बदलते हैं और जीवन के सभी चरणों में देखभाल की एक व्यापक व्यवस्था को मज़बूत करते हैं। लक्ष्यों के अनुरूप, राष्ट्रीय स्वास्थ्यमिशन राज्यों को स्वास्थ्य प्रणाली का एक एकीकृत तीन-स्तरीय मॉडल प्रदान करने में मदद करता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी इलाकों (कमज़ोर वर्गों सहित) के बीच दोतरफा रेफरल लिंक शामिल हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) प्राथमिक स्तर परबीमारी से बचाव, सेहत को बढ़ावा देने, इलाज, पुर्नवास और प्रशामक देखभाल जैसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ देते हैं। ईसंजीवनी टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म इन एएएमके ज़रिए समुदाय को विशेषज्ञों से जोड़कर विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। साथ ही, एक खास टेली-मानस प्लेटफ़ॉर्म भी है, जिसने अब तक कुल 38.93 लाख लोगों तक पहुँच बनाई है। एएएमसे जुड़े द्वितीय स्तर के केंद्र जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)/प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) और ज़िला अस्पताल (डीएच)होते हैं, जो विशेषज्ञ के समक्ष इलाज और अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा के लिए रेफरल का पहला ज़रिया होते हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज जैसे तृतीयक संस्थान सबसे ऊपर होते हैं और ज़्यादा जटिल व सुपर-स्पेशलिस्ट सेवाओं की ज़रूरतें पूरी करते हैं। इस तीन-स्तरीयप्रणाली को सरकारी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी का समर्थन प्राप्त है। पिछले दशक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर होने वाला खर्च 168त बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता मानने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफ़र व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के विस्तार औरप्रतिक्रियात्मक कार्यवाहीसे समस्या होने से पहले ही ध्यान रखने वाली देखभाल की ओर ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। व्यापक स्वास्थ्य पैकेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करना, भारत की बदलती आबादी और बीमारियों के बदलते पैटर्न के हिसाब से उठाया गया एक ज़रूरी कदम है। बढ़ती उम्र की आबादी और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए, इसके दायरे में गैर-संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, बुजुर्गों की देखभाल, आपातकालीन सेवाएँ, आँख, कान-नाक-गला (ईएनटी) और मुँह की सेहत के साथ-साथ योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं। यह सब उस आबादी की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो भारत अब बन रहा है। मई 2026 तक, देश भर में 1.8 लाख से ज़्यादा एएएमकाम कर रहे हैं, ताकि लोगों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। इस विस्तार का असर एएएममें 120 करोड़ से ज़्यादा ओपीडीपरामर्श, 70 करोड़ से ज़्यादा ईसंजीवनी टेली-परामर्श और अच्छी सेहत व कल्याण को बढ़ावा देने वाले 46.1 करोड़ से ज़्यादा वेलनेस सत्रों में साफ़ दिखता है। प्राथमिक देखभाल स्तर पर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और आम कैंसर (जैसे ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर) के लिए आबादी-आधारित स्क्रीनिंग 30 साल से ज़्यादा उम्र के सभी वयस्कों के लिए की जाती है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाना एक सामान्य प्रक्रिया बन जाती है। यह जांच 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के तहत सेवा वितरण का एक अहम हिस्सा है, जो एनसीडीकी रोकथाम को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में शामिल करती है। एनसीडीसेवाओंका विस्तार बीमारी का जल्दी पता लगाने, रोकथाम, प्रबंधन और इलाज के लिए एक बहु स्तरीय प्रयास है। समर्पित एनसीडी क्लीनिक, डे-केयर कैंसर केंद्र , तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र और राज्य कैंसर संस्थान, उन्नत ऑन्कोलॉजी सेवाओं को विकेंद्रीकृत करते हैं और विशेषज्ञ देखभाल को मरीज़ के करीब लाते हैं। साथ ही, बचाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए 'होल-ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण अपनाया जाता है। एफएसएसएआई स्वस्थखान-पान की आदतों को बढ़ावा देता है, 'फिट इंडिया मूवमेंट' शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देता हैऔर आयुष मंत्रालय योग और कल्याण को आगे बढ़ाता है। लगातार चलने वाले जन-जागरूकता अभियान औरस्वास्थ्य दिवसमनाने जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को और मज़बूत करते हैं। खाने के तेल की खपत को 10त कम करने की प्रधानमंत्री मोदी की निजी अपील एक सरल लेकिन दमदार सोच को ज़ाहिर करती है कि एनसीडीके ख़िलाफ़ लड़ाई अस्पतालों के साथ-साथ घरों में भी जीती जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के विस्तार के लिए, एएएमस्तर पर 'सामुदायिकस्वास्थ्य ऑफिसर्स' का एक नया कैडर शुरू किया गया, जिससे क्लिनिकल और जन स्वास्थ्य से जुड़ी विशेषज्ञता समुदायों के और करीब आ गई।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

न डरती मैं तूफ़ानों से, न थकती मैं निर्माण से। नित्य नूतन सृजन को तत्पर, न टूटती लोह-पाषाण से। औरत हूँ मैं, मुझे मोह नहीं अपने प्राणों से। धरती-सा धैर्य हृदय में लेकर, गुज़रूँ अग्नि-परीक्षाओं से। पीड़ा को मुस्कान बना दूँ, सीख मिली अवसादों से। जब-जब जीवन ने ठोकर दी, और निखरी संघर्षों से। हर अँधियारे को हरने निकली, दीप जले विश्वासों से। ममता मेरी शक्ति भी है, साहस मेरे अरमानों में। औरत हूँ मैं, हार न मानूँ, पहचानी जाती कर्मों से।

- निभा चौधरी

चल छैय्या छैय्या छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अब आप छैय्या छैय्या नहीं चल सकते।विकास और सडक चौड़ी करने बड़ी तादात में पेड़ काटे जा चुके हैं।अब बड़ी दूर दूर तक कोई छाव नहीं है।शायद इसीलिए पारा इस महीने हाई लेबल पर ही रहा । **- तपन मुखर्जी**

गंगा, यमुना, सिंधु की धारा जिसका अभिमान है, ऋषियों, वीरों और संतों की यह पावन पहचान है। दुनिया भर में सबसे ऊँचा रहेगा मस्तक भारत का , जब तक हर भारतवासी के दिल में हिंदुस्तान है।।

- कवयित्री आरती अक्षय गोस्वामी

कोई भी करता नहीं,मुझसे सच्चा प्यार। मात्र दिखावा कर रहा,है पूरा परिवार।। है पूरा परिवार, बहन, माँ ,पापा ,भाई। सब दें मुझको डाँट,न कोई करें बड़ाई। सुबह- शाम माँ रोज,बनाए बैठ रसोई। पिता काम में व्यस्त,न मेरी सुनता कोई।।

- डॉ बिपिन पाण्डेय

गर तुम एक इशारा कर लेते, तो हम इश्क़ दुबारा कर लेते। सहते रुसवाई भी दुनिया की, दिल-ओ-जान ख़सारा कर लेते। कुछ जुगनुओं को मुट्ठी में भरकर, हम क़िस्मत का सितारा कर लेते। उस पज़ीराई पर भी मर मिटते, बस इक ज़िक्र हमारा कर लेते। तेरी आहट रखकर तकिये पर, कुछ शब और गुज़ारा कर लेते।

- रूबी झा 'कमल'

टूटता है शब्द कोई जब मन में गुथा हुआ नीरनिधि बनी वंध्या मिट्टी और फूल पैरो से रौंदा हुआ सुख गया रसातल इस धरा पे और मदिरालय है भरा हुआ शोर मचाते सत्य हैं दबाते आज भाई,भाई से डरा हुआ विद्यालय,जहाँ जन्म ले विद्या सारी अब नीतिज्ञ वहाँ पे मरा हुआ कुछ न सुझा लिख दिया यहाँ पे आज फिर कुछ शब्द गुथा हुआ.... "नीर"। **- नीरज वमा नीर**

अपने अलावा किसी एक का भी वोट नहीं था नेहरू को पहली बार पीएम बनने के लिए। इससे अधिक वोट तो किसी कट्टर तानाशाह को भी मिल जाते हैं। ऐसे 'महात्मा द्वारा निर्मित पीएम' की तुलना विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय सार्वकालिक महान नेता मोदीजी से क्या ही हो सकती है। लोकतंत्र की कसौटी पर मोदी के आगे लिलिपुट हैं नेहरू।

- पंकज कुमार झा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज हर कदम सोच-समझकर बढ़ाने की जरूरत है, खासकर कारोबार और पैसों से जुड़े मामलों में। जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में पछतावा दे सकता है।

वृष: आज मेहनत का फल मिलने से मन संतुष्ट रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत महसूस होगी। घर में पूजा-पाठ या धार्मिक माहौल बनाने का मन हो सकता है।

मिथुन : आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है और किसी पुराने कानूनी या जरूरी मामले को लेकर चिंता बनी रह सकती है। अच्छी बात यह है कि अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और आपके काम की तारीफभी होगी।

कर्क: दूसरों की मदद और अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। लंबे समय से रुकी चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ती नजर आएंगी।

सिंह: आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का विचार मन में आएगा और यही बदलाव आगे सफलता का कारण बन सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई और प्रतियोगिता में पूरी मेहनत से जुटे रहेंगे।

कन्या: आज मेहनत और लगन आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगी और अच्छे परिणाम भी दिलाएगी। जरूरतों और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इससे मन को संतोष मिलेगा।

तुला: आज प्रगति और समृद्धि के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। धन और सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन खुश रहेगा। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है।

वृश्चिक: आज धैर्य और समझदारी से काम लेना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि जल्दबाज़ी नुकसान करा सकती है। आपका आत्मविश्वास और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

धनु: आज समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। व्यापार में फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत महसूस होगी। पुराने मित्र से मुलाकात मन को हल्का और खुश कर सकती है।

मकर: आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग भावनात्मक मजबूती देगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें।

कुंभ: आज लाभ के कई अवसर सामने आ सकते हैं, लेकिन जल्दबाज़ी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

मीन: आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?

2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?

3) प्राचीन भारतीय ग्रंथ पंचसिद्धांतिका किसके 5 सिद्धांतों से संबंधित है?

4) 2025 में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में खो खो विश्व कप किस देश ने जीता?

5) पोस्टोजन्या गुफा, जो हाल ही में खबरों में थी, किस देश में स्थित है?

उत्तरमाला- (1) पाक्योंग हवाई अड्डा, सिक्किम (2) इलाहाबाद (3) वराहमिहिर (4) भारत (5) स्लोवेनिया

कार्टून

निष्क्रिय सिंचाई योजना को मिला नया जीवन, किसानों के लिए है बहुत उपयोगी

गुतकिया के किसानों को मिलेगी वर्षभर सिंचाई सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पण्डरसिली के आश्रित ग्राम गुतकिया में वर्षों से निष्क्रिय पड़ी सिंचाई योजना को पुनर्जीवित कर किसानों के लिए उपयोगी बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धन-धान्य कृषि योजना की भावना के अनुरूप सिंचित क्षेत्र के विस्तार तथा पुरानी सिंचाई परियोजनाओं के पुनरोद्धार के लिए जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई। इसके तहत गुतकिया व्यपवर्तन योजना की नहर मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

फसल विविधीकरण को मिलेगा बढ़ावा

सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने के बाद कृषि विभाग द्वारा किसानों को धान के साथ अन्य लाभकारी फसलों की खेती के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसान अधिक आय अर्जित कर सकेंगे।

आदिवासी अंचल में कृषि विकास को मिलेगी नई दिशा

इस परियोजना से क्षेत्र के आदिवासी किसानों को विशेष लाभ मिलेगा। सिंचाई सुविधा सुदृढ़ होने से खेती अधिक लाभकारी बनेगी और ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आएगा। गुतकिया में पुरानी योजना का पुनर्जीवन कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का उदाहरण बनकर सामने आया है।

मनरेगा से मिली नई गति

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत इस कार्य के लिए 11 लाख 98 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। जल संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में नहर मरम्मत कार्य पूर्ण कर योजना को पुनः क्रियाशील बनाया गया है।

किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

नहर मरम्मत कार्य पूर्ण होने से ग्राम गुतकिया और आसपास के क्षेत्र की लगभग 100 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसान खरीफ के साथ-साथ रबी सीजन में भी खेती कर सकेंगे। सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होने से फसल उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

न्यूज गैलरी

वनोपज आधारित आजीविका को मिल रही नई पहचानः सलाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने जशपुर जिले के वन धन विकास केंद्र पनचक्की का निरीक्षण कर वहां संचालित वनोपज आधारित गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन कार्यों का अवलोकन करते हुए केंद्र की उपलब्धियों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सलाम ने केंद्र में निर्मित आयुर्वेदिक उत्पादों, विशेष रूप से आरोग्य अमृत अवलेह एवं वसाअवलेह के निर्माण, प्रसंस्करण और विपणन संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि वन धन विकास केंद्र स्थानीय वन संसाधनों को आर्थिक अवसरों में बदलने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने केंद्र द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लघु वनोपजों का वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के लोगों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

दोपहिया वाहन से अवैध शराब जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए राजनांदगावं जिले मे आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में जिला स्तरीय उड़नदस्ता और आबकारी वृत्त चिचोला की संयुक्त टीम ने ककोड़ी-बंजारी मार्ग पर कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन से 5.4 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की। आबकारी अधिकारियों के अनुसार बाइक (सीजी 08 एबी 9020) से महाराष्ट्र निर्मित 30 नग देशी शराब संत्री नंबर-01 का परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान ग्राम कोलिहा लमटी निवासी मुकेश्वर साहू को पकड़ा गया। जब्त शराब और वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

सुशासन तिहार बना भरोसे का मंच

रायपुर/नवप्रदेश। सुकमा जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र मरईगुड़ा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच विश्वास का सशक्त माध्यम बना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन संकल्प को पूरा करने के लिए आयोजित इस क्लस्टर स्तरीय शिविर में 9 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया, जहां विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित शिविर में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचे। अधिकारियों ने आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ। शिविर की खास बात महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सरोकारों की झलक रही। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार आयोजित किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई। 'बिहान' योजना के तहत विभिन्न स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार और आजीविका संवर्धन के लिए कुल 5 लाख 85 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। सामुदायिक निवेश निधि, चक्रीय निधि और बैंक लिंकेज के माध्यम से समूहों को आर्थिक मजबूती मिली है।

बेमेतरा में 585 बोरी उर्वरक जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन, बेमेतरा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देवकर तहसील के ग्राम गाड़ाडीह में अवैध रूप से भंडारित 585 बोरी उर्वरक जब्त कर गोदाम सील कर दिया। जब्त उर्वरकों में बायो पोटाश और बायो ऑर्गेनिक फास्फेट शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने छापेमारी के दौरान करीब 29.25 मीट्रिक टन उर्वरक का अवैध भंडारण पकड़ा। अधिकारियों ने बताया कि उर्वरकों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जनसेवा ही प्रशासनिक सेवा का सर्वोच्च उद्देश्य : मुख्यमंत्री साय

■ संवेदनशीलता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का करें निर्वहन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात

रायपुर/नव प्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा जनसेवा का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी के निर्णय हजारों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं, इसलिए प्रत्येक निर्णय में जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका उपयोग समाज और आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश है। यहां के लोग सरल, सहज, मेहनती और आत्मीय स्वभाव के हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों, तेजी से विकसित हो रही कनेक्टिविटी, पर्यटन की संभावनाओं, नक्सल उन्मूलन की सफलता तथा राज्य के विकास की यात्रा से अवगत कराया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, जनजातीय परंपराओं और विकास के नए अवसरों पर भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को कहा कि ईमानदारी, निष्ठा और जनहित की भावना से लिया गया प्रत्येक निर्णय प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए

प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों सहित सरगुजा संभाग के जशपुर, सरगुजा और कोरिया जिलों का भ्रमण करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनजीवन, संस्कृति, विकास गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अध्ययन किया तथा मां दंतेश्वरी के दर्शन भी किए।

स्वीट कॉर्न की खेती से समृद्धि की नई मिसाल बने किसान रामचंद्र

रायपुर/नव प्रदेश। कोण्डागांव जिले के किसान अब पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए धान, सब्जियों और अन्य नगदी फसलों के साथ-साथ स्वीट कॉर्न की खेती कर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। जिले में कृषि के क्षेत्र में हो रहे इस सकारात्मक बदलाव का एक प्रेरणादायक उदाहरण बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम मारंगपुरी निवासी किसान रामचंद्र साहू हैं, जिन्होंने स्वीट कॉर्न की खेती को अपनाकर आर्थिक समृद्धि की नई पहचान बनाई है। साहू पिछले तीन वर्षों से स्वीट कॉर्न का उत्पादन कर रहे हैं। उनके बेटे राजेन्द्र साहू ने बताया कि बाजार में इसकी बढ़ती मांग और बेहतर लाभ को देखते हुए इस वर्ष लगभग ढाई एकड़ भूमि में अशोका किस्म के स्वीट कॉर्न की खेती की है। इसके लिए उन्होंने लगभग 7 किलोग्राम बीज का उपयोग किया, जिस पर लगभग 21 हजार रुपये की लागत आई। आधुनिक खेती की पद्धतियों को अपनाते हुए उन्होंने फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम उन्हें बेहतर उत्पादन और आय के रूप में प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि सामान्य मक्का की तुलना में स्वीट कॉर्न की बाजार में मांग अधिक रहती है। तैयार फसल का प्रत्येक भुट्टा लगभग 7 रुपये प्रति नग की दर से विक्रय होता है। अप्रैल से जुलाई के बीच तैयार होने वाली इस फसल से उन्हें एक सीजन में लगभग दो लाख रुपये तक की आय प्राप्त होती है। कम समय में बेहतर लाभ मिलने के कारण स्वीट कॉर्न किसानों के लिए लाभकारी विकल्प के रूप में उभर रही है।

बेमेतरा जिले में दलहन के रकबे में चार गुना की वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की 'मिशन फॉर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस' योजना बेमेतरा जिले में दलहन उत्पादन को नई ऊंचाई दे रही है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन और उन्नत खेती तकनीकों के चलते जिले में ग्रीष्मकालीन उड़द-मूंग की खेती का रकबा एक वर्ष में चार गुना से अधिक बढ़ गया है। पिछले वर्ष 285 हेक्टेयर में होने वाली खेती इस वर्ष बढ़कर 1191 हेक्टेयर तक पहुंच गई है। विकासखंड नवागढ़ के ग्राम हरदी के किसान इंद्र कुमार ने ग्रीष्मकालीन उड़द की खेती कर सफलता की नई मिसाल पेश की है। कृषि विभाग के अनुसार उन्हें 7 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन मिलने की संभावना है। वहीं कोरकापारा के किसान शिवशंकर वर्मा को 5 से 6 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन का अनुमान है। दोनों किसानों ने उन्नत बीजों और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों को अपनाकर बेहतर परिणाम हासिल किए हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि उड़द और मूंग जैसी दलहन फसलें किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता में भी सुधार करती हैं। जिले में करीब 1000 हेक्टेयर क्षेत्र में 1280 किसानों द्वारा उड़द फसल के प्रदर्शन लगाए गए हैं, जिससे अन्य किसान भी आधुनिक खेती तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर फोकस

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, जवाबदेह और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में बेमेतरा में स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

रक्तदान से जरूरतमंदों को मिलता है नया जीवन

रायपुर/नव प्रदेश। रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि यह ऐसा दान है जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ाने और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का संदेश दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, रक्त की एक यूनिट से कम से कम तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्त को लाल रक्त कणिकाओं, प्लेटलेट्स और प्लाज्मा जैसे विभिन्न घटकों में विभाजित कर अलग-अलग मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं, बड़ी सर्जरी, प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, थैलेसीमिया, कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्त किसी जीवनरक्षक औषधि से कम नहीं है। रक्तदान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि आज तक रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प विकसित नहीं हो सका है।

महिला उद्यमियों को मिला बाजार विस्तार का मंत्र

महिला उद्यमिता सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला

रायपुर/नवप्रदेश। बदलते तकनीकी दौर में महिला उद्यमियों को आधुनिक साधनों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। नवा बिहान क्लस्टर में आयोजित डिजिटल साक्षरता कार्यशाला ने महिलाओं को ऑनलाइन विपणन, ब्रांड निर्माण और इंटरनेट आधारित व्यापार की नई संभावनाओं से परिचित कराया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और महिला संचालित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को आधुनिक विपणन तकनीकों की जानकारी देकर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को उत्पाद पहचान निर्माण, आकर्षक पैकेजिंग, लेबलिंग, गुणवत्ता प्रमाणन, ऑनलाइन विक्रय मंचों तथा बाजार से जुड़ने के विभिन्न तरीकों की व्यवहारिक जानकारी दी। वसुंधरा यादव ने कहा कि महिला उद्यमिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी मजबूत आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं को तकनीकी ज्ञान का अधिकाधिक उपयोग कर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

रामकृष्ण हॉस्पिटल में हो सकेगा पत्रकारों का रियायती दर पर इलाज

■ रायपुर प्रेस क्लब के प्रस्ताव पर रामकृष्ण प्रबंधन ने दी सहमति

रायपुर/नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के तत्वावधान में रायपुर प्रेस क्लब के सम्मानित सदस्यों, पत्रकार साथियों एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का ÷आभार एवं समापन समारोह÷ आज रविवार को रायपुर प्रेस क्लब, मोती बाग में गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ।

रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा आयोजित इस शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप दवे उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सतीश थोरानी ने की। इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के तमाम पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पत्रकारगण मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. संदीप दवे ने पत्रकारों की सामाजिक सहभागिता और उनके कठिन कार्य परिवेश की सराहना की। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पत्रकारों और उनके परिवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर की अवधि को अब 30 जून 2026 तक के लिए बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में पत्रकारों को जारी किए गए कूपन के माध्यम से वे इस विस्तारित अवधि तक अपनी निशुल्क जाँचें करवा सकेंगे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री सतीश थोरानी और रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने इस मानवीय पहल के लिए रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल प्रबंधन और डॉ. संदीप दवे का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि इस शिविर से सैकड़ों पत्रकार परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिला है और भविष्य में मिलने वाली छूट से उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी। समारोह के अंत में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा सफल आयोजन के लिए सभी सम्माननीय अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चैंबर ऑफ़कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा एवं राधा कृष्ण सुंदरानी के अलावा कार्यक्रम संयोजक अमर गीदवानी, के साथ कार्यक्रम समन्वयक अनिल जोतसिंघानी और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रमुख पदाधिकारी गण मौजूद रहे एवं कार्यक्रम में प्रेस क्लब के महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू एवं भूपेश जांगड़े के साथ वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश शर्मा ,प्रशांत शर्मा, संदीप पुराणिक, ताहिर हैदरी, प्रदीप दुबे, विजय शर्मा , विद्या भूषण सिन्हा, रमेश पांडेय, प्रत्यूष शर्मा एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

पत्रकारों के लिए हमेशा रहेगी विशेष छूट

डॉ. संदीप दवे ने पत्रकार जगत को एक और बड़ी सौगात देते हुए घोषणा की कि शिविर समाप्त होने के बाद भी रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल में पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए विशेष रियायतें जारी रहेंगी। इसके तहतः-

निःशुल्क ओपीडी (OPD) की सुविधा मिलेगी।

दवाइयों पर 10% की छूट प्रदान की जाएगी।

हॉस्पिटल चार्ज (अस्पताल के अन्य शुल्कों) में 30% की स्थायी छूट हमेशा लागू रहेगी।

एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से बच्चों को कराया बाल मजदूरी से मुक्त

नारायणपुर/ नवप्रदेश। 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर समर्पित संस्था नारायणपुर एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने पुलिस व प्रशासन के सहयोग से बच्चों को कराया बाल मजदूरी से मुक्त जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन समर्पित संस्था नारायणपुर एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने श्रम निषेध दिवस के मौके पर पुलिस व प्रशासन के सहयोग से बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या 'एक्शन मंथ' के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निर्देशों के तहत की गई। इन निर्देशों में बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियानचलाने के निर्देश दिए गए थे। समर्पित संस्था नारायणपुरएक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान भी चलाए जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों केअफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।जस्टिस फॉर चिल्ड्रन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण केलिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश केसबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का

सहयोगी संगठन है। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8-17 साल के बीच है और ये कई

वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में पिछले कुछ महीने से काम कर रहे थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि इनसे बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जा रहा था। स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थितियों में मामूली पैसे पर इन्हें दिन रातखटाया जा रहा था जिससे इनकी सेहत व मानसिक स्वास्थ्यपर बुरा असर पड़ रहा था। बच्चों को मुक्त कराने के बादजिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई हैऔर पीड़ित बच्चों को पुनर्वास, मुआवजा व अन्य सुविधाएंदिलाने की प्रक्रिया जारी है जिसके वे अधिकारी हैं।जून महीने को बाल श्रम के खिलाफ 'एक्शन मंथ' के तौर परमनाया जाता है और चूंकि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों कीट्रैफिकिंग बाल मजदूरी का मुख्य कारण है, इसलिए नागरिकसमाज संगठन इस दौरान पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकरदुर्व्यापारियों और उनके गठजोड़ की शिनाख्त के लिए कड़ी नजर रखते हैं।इस मौके पर कानून लागू करने वाली एजेंसियों और जिलाप्रशासन को हरसंभव सहयोग का वादा करते हुए एक्सेस टूजस्टिस फॉर चिल्ड्रन निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने कहा, ÷शोषणव मजदूरी से मुक्त कराए गए हर बच्चे के शिक्षा के अधिकार,सुरक्षा व गरिमा की आज एक बार फिर बहाली हुई है। बालश्रम बच्चों को उनके बचपन और मूल अधिकारों से महरूम करदेता है, लिहाजा इस समस्या से तत्काल निपटने की जरूरत है।बच्चों की जगह ढाबों और फैक्ट्रियों में नहीं बल्कि स्कूल में है।चूंकि ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी आपसे में गहरे तक जुड़े हैं,हम ट्रैफिकिंग की रोकथाम, बच्चों को मुक्त कराने के लिए जिलाप्रशासन प्रशासन व कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ करीबीसमन्वय के साथ काम करते रहेंगे।

न्यूज गैलरी

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन 26 जून को

कांकेर / नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' के सफल आयोजन हेतु जिले के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण एवं समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किए जाने हेतु रेडियो एवं दूरदर्शन के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण करने कहा गया है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देने तथा समारोह स्थल पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नशामुक्ति साहित्यों का वितरण करने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार सोशल मीडिया पर प्रेरक स्लोगन एवं चित्रों का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में नशापान के दुष्परिणामों पर आधारित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स एनएमबीए मोबाइल एप एवं पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके।

मोदी के 12 साल देश को विकास, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व की नई ऊंचाइयों पर ले गए : सुधीर पांडे

सुकमा / नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा द्वारा सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य सुधीर पांडे ने कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार निर्वाचित होकर देश का नेतृत्व करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना है। इसी लक्ष्य को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सत्ता संभालते ही स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जिस देश को दुनिया का नेतृत्व करना है, वहां स्वच्छता और नागरिक सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी सोच के तहत करोड़ों शौचालयों का निर्माण कराया गया और खुले में शौच की समस्या को काफी हद तक समाप्त किया गया।उन्होंने कहा कि गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं लागू की गईं। आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लाखों परिवारों को राहत मिली है।महिलाओं के सशक्तिकरण को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए पांडे ने कहा कि उज्ज्वला योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली। वहीं महिला आरक्षण कानून, तीन तलाक की समाप्ति, लखपति दीदी योजना और विभिन्न राज्यों में संचालित महिला हितैषी योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत किया है।

झालागुड़ा ऑक्सीजन लेकर जा रही एक गाड़ी ब्रेक फेल होने से पलटी

केशकाल / नवप्रदेश। केशकाल घाट के दूसरे मोड़ पर सोमवार को जगदलपुर से उड़ीसा के झालागुड़ा ऑक्सीजन लेकर जा रही एक गाड़ी ब्रेक फेल होने से पलट गई।हादसे के बाद वाहन से ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा।सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं।चालक ने बताया कि यदि उस समय घाट मार्ग बंद नहीं रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

अपराध: लंबे समय से कर रहा था ठगी, आरोपी से 17 लाख रुपए की संपत्ति बरामद

सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

कांकेर / नवप्रदेश। नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाला आरोपी कैलाश साहू को चारामा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कैलाश साहू पुलिस विभाग कलेक्टोरेट स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में भर्ती कराने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों की ठगी किया है। अपराध दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर चारामा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश जहां से जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश श्रीश्रीमाल एवं योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा पुलिस द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।प्रकरण थाना चारामा के अपराध क्रमांक 124/2026 धारा 318(4), 111(2) बीएनएस से संबंधित है। मामले की गंभीरता को देखते

हुए थाना चारामा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध होने के मात्र 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।12 जून 2026 को प्रार्थी यादेश कुमार साहू पिता नीलकंठ साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम उड़कुड़ा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा थाना चारामा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कैलाश साहू निवासी हटकाचारामा तथा उसकी सहयोगी तरूणा निषाद ने पुलिस विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में अपनी ऊँची पहुंच एवं पहचान होने का विश्वास दिलाकर आरक्षक भर्ती में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।आरोपियों द्वारा वर्ष 2024 में पुलिस आरक्षक भर्ती के दौरान नौकरी लगवाने का प्रलोभन देकर प्रार्थी से विभिन्न किस्तों में कुल ?1,76,980/- प्राप्त किए गए। इसके बावजूद न तो नौकरी लगाई गई और न ही राशि वापस की गई।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपीगण द्वारा संगठित एवं सुनियोजित तरीके से जिला कांकेर सहित अन्य जिलों के अनेक लोगों को पुलिस विभाग कलेक्टोरेट स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे भी बड़ी मात्रा में धनराशि प्राप्त की गई है।पुलिस जांच एवं गिरफ्तारी प्रकरण दर्ज होने के पश्चात थाना चारामा पुलिस एवं जिला साइबर सेल कांकेर की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी कैलाश साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कांकेर सहित अन्य जिलों के कई लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर धनराशि लेकर ठगी करना स्वीकार किया।आरोपी ने बताया कि ठगी से प्राप्त रकम का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं फर्नीचर खरीदने तथा अलबेलापारा कांकेर स्थित अपने मकान के निर्माण कार्य में किया है।साथ ही उसने कांकेर स्थित अपने कार्यालय, जहां वह 222.द्धद्मह्यष्4ड्डद्गह्ल.ष्शद्व के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण संचालित करता था ।आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड अपराध क्रमांक 359/2017, धारा 420, 34 भादवि, थाना कांकेर अपराध क्रमांक 193/2026, धारा 420 भादवि, थाना कांकेर अपराध क्रमांक 846/2023, धारा 420, 419, 384, 365, 342, 120-बी, 457 भादवि, थाना कुरूद शामिल है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग ?17 लाख मूल्य की संपत्ति बरामद की गई जिसमें 43 इंच टीवी 03 नग कंप्यूटर सेट 06 सेट मोबाइल फोन 01 नग सोफा सेट 02 नग फ्रिज 01 नग टेलीफोन सेट 04 नग मुद्रा गिनने की मशीन 01 नग मॉनिटर 03 नग एसी.01 नग वॉकी-टॉकी 02 नग हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर 01 नग सोने की अंगूठी 01 नग चांदी की चैन 01 नग अन्य फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान उक्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग ?5,00,000/- है। इसके अतिरिक्त एग्रो प्लस जैविक खाद के 72 कार्टून (कीमत लगभग ?12,00,000/-) भी बरामद किए गए हैं। कुल बरामदगी लगभग ?17,00,000/- की है।

उक्त कार्रवाई में थाना चारामा एवं जिला साइबर सेल कांकेर की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर साइबर प्रभारी निरीक्षक यशवंत श्याम उप निरीक्षक रूपेन्द्र पटेल, उप निरीक्षक (प्रशिक्षु) हेमंत कुमार आरक्षक तरुण सिन्हा आरक्षक फानू सहायक उप निरीक्षक भकेष पटेल, प्रधान आरक्षक सचिन सोरी आरक्षक रामरतन निषाद एवं आरक्षक जितेन्द्र नाग का विशेष योगदान रहा।उक्त कार्रवाई में थाना चारामा एवं जिला साइबर सेल कांकेर की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जैविक कृषि कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में जैविक कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों को उन्नत जैविक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में कृषकों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्व-सहायता समूहों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

जैविक कार्यशाला को संबोधित करते हुए वन एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा जिला जैविक कृषि की अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यहां की जलवायु, प्राकृतिक संसाधन और किसानों की मेहनत जैविक खेती के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती केवल कृषि उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अभियान है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अपनी मेहनत, लगन और समर्पण के कारण देश में धान उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। किसानों की अथक मेहनत से प्रदेश लगातार कृषि क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

डीजल की बढ़ती कीमत पर भड़के किसान, सड़क पर उतरे

- घंटों चक्काजाम, किसानों ने जमकर की नारेबाजी

कांकेर / नवप्रदेश। सोमवार को कांकेर जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों में सुबह से किसानों की भीड़ देखी गई। किसानो की माने तो बारिश के पहले खेतों की जुताई ट्रेक्टर से पूर्ण हो सके। लेकिन डीजल की मनमाना कीमत और किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया है।किसानों की माने तो मानसून अब छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में पहुंच चुका है और किसान खेती की तैयारियों में जुटे हुए है इसी बीच किसानों के सामने नया संकट उस वक्त खड़ा हो गया जब डीजल की किल्लत की खबर बाहर आई, किसानों की भीड़ ट्रेक्टर और बड़े बड़े केन के साथ पेट्रोल पंपों में जुटने लगी और धीरे धीरे शहर के सभी पेट्रोल पंप में डीजल खत्म हो गया लेकिन किसानों की भारी भीड़ पंप में जमा रही, जैसे ही किसानों को डीजल खत्म होने की जानकारी मिली किसानों ने

शहर के ज्ञानी चौक में चक्काजाम कर दिया। किसानों ने समय पर खेतों की जुताई नहीं होने पर खेती पर भारी संकट की बात कही है और धान की उपलब्धता पर भारी किल्लत की आशंका जाहिर की है।किसानों ने बताया कि यह समय खेतों की जुताई का है और उन्हें पर्याप्त डीजल की आवश्यकता होती है, एक एकड़ में लगभग 25 लीटर डीजल की खपत होती है लेकिन उन्हें 20 लीटर डीजल एक दिन में दिया जा रहा था जिससे पहले ही दिक्कते हो रही थी लेकिन अब डीजल पूरी तरह खत्म होने की बात कही जा रही है जिससे उनके सामने संकट गहरा गया है, किसानों ने कहा कि जब तक प्रशासन उन्हें पर्याप्त डीजल मुहैया नहीं करवाएगी तो चक्काजाम खत्म नहीं करेंगे।गौरतलब है कि सरकार ने डीजल की कमी का हवाल देते हुए एक दिन में 200 लीटर डीजल भारी वाहनों के लिए और अन्य वाहनों के लिए 20 लीटर का दायरा तय कर दिया है ,जिससे किसान बेहद परेशान है। शहर के ज्ञानी चौक में इस वक्त किसानों की भारी भीड़ जमा है और प्रदेश और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जा रही है।

चट्टान की तरह सालों से जीवनदायिनी दूध नदी को बचाने खड़े हुए समाजसेवी पप्पू मोटवानी

- मंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसपी, सीईओ सहित प्रशासनिक अधिकारी हो चुके स्वच्छता अभियान में शामिल

काँकेर / नवप्रदेश। शहर के सबसे प्रसिद्धि प्राप्त समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी जिन्होंने शहर के भीतर से बहने वाली एक मात्र दूध नदी को बचाने हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

सालों से दूध नदी को बचाने मंत्री विधायक सांसद से लेकर कलेक्टर एसपी जिला सीईओ सहित प्रशासनिक अमला दूध नदी को बचाने साक्षी बन चुके हैं।

लेकिन राजनीतिक कहे या अधिकारिक अपेक्षा के चलते दूध नदी आज पर्यंत तक उपेक्षा की शिकार होकर रह गई।लेकिन समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी का ऐसा जुनून जिन्होंने किसी की परवाह किए बिना निस्वार्थ भाव से नदी की

सफाई में जुटे हुए हैं।

रविवार की सुबह जन सहयोग समाजसेवी संस्था प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा है कि हम लोग कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चला रहे हैं लेकिन नदी के आसपास जिनके घर वह दुकान है उनका हमको सहयोग नहीं मिल पा रहा है उसे हाथ जोड़कर निवेदन है की नदी में कचरा ना डालें हमने अपनी जीवनदायिनी दूध नदी से जो वादा किया है।उसे हर हाल में निभाएंगे। आज भी दूध नदी के पुल के नीचे तथा पुरानी बाजार के पीछे नदी मे सफाई की गई और कचरे का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। आज के समाज सेवकों में जन सहयोग समाजसेवी संस्था टीम के धर्मेंद्र देव ,प्रवीण गुप्ता राजेश चौहान शैलेंद्र देहारी पप्पू साहू,अमृत जवरानी दीपक देहारी बहादुर निषाद, शैलेंद्र देहरी अजय पांडे,आदि नौजवान श्रम वीरों ने कड़ी धूप में कई घंटे पसीना बहा कर दूध नदी पुल के आसपास जितना अधिक से अधिक स्वच्छता अभियान चलाकर आप भी स्वच्छता के साक्षी बने।

परेशानी: नशे को बढ़ावा देने का आरोप, जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

स्कूल मार्ग पर छिंद पेड़ काटकर निकाला जा रहा रस

- शासकीय भूमि पर पेड़ कटाई का मामला, पार्षद बोले— मेरे कहने पर कटवाया गया

अंतागढ़ / नवप्रदेश। । नगर पंचायत अंतागढ़ के वार्ड क्रमांक 6 स्थित हाई स्कूल मार्ग पर शासकीय भूमि में खड़े एक छिंद (ताड़) के पेड़ को काटकर उससे रस निकाले जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निकाले जा रहे रस का उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में नशाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। मामले को लेकर नागरिकों में

नाराजगी है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हाई स्कूल रोड पर स्थित हरे-भरे छिंद पेड़ को हाल ही में काट दिया गया है। कटाई के बाद पेड़ से लगातार रस निकाला जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रस नशे के लिए उपयोग किया जाता है और सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की गतिविधि से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

मामले की गंभीरता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि जिस स्थान गतिविधियों हो रही है, उसके आसपास लगभग 100 मीटर की दूरी के भीतर तीन स्कूल स्थित हैं। कुछ ही दिनों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है और प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से होकर स्कूल पहुंचेंगे। नागरिकों का कहना है कि स्कूलों के आसपास नशे से जुड़ी गतिविधियां बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।

स्थानीय लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि पेड़ शासकीय भूमि पर स्थित था, तो उसकी कटाई किसकी अनुमति से की गई। बिना अनुमति सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ को काटना नियमों के विरुद्ध माना जाता है। ऐसे में पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग उठ रही है।

पार्षद ने स्वीकारा, मेरे कहने पर कटवाया गया पेड़

मामले में वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद संजय ध्रुव ने बताया कि पेड़ को ग्राम गायता के साथ मिलकर कटवाया गया है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि पेड़ की कटाई के लिए संबंधित विभाग से अनुमति ली गई थी या नहीं।

सुकमा में जनसंपर्क और खेल प्रोत्साहन का संदेश देकर लौटे सांसद महेश कश्यप

सुकमा। (नवप्रदेश)। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने जिले के सुदूर और अंतिम छोर के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने गादीरास, कोर्रा, चिगावारम और मुनगा गांव पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।आवास हितग्राहियों के घर पहुंचे सांसद-गादीरास में सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर उनसे चर्चा की। उन्होंने जाना कि योजना से उनके जीवन में क्या बदलाव आए हैं और उन्हें किस प्रकार सुविधाएं मिल रही हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की तथा संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

विकसित भारत की मजबूत नींव हैं मोदी सरकार के 12 वर्ष: रजनीश सिंह

सक्ती/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती कार्यालय में आज प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्षों की विकास, विश्वास एवं जनकल्याण की यात्रा को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष एवं बेलतरा के पूर्व विधायक श्री रजनीश सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, ऐतिहासिक फैसलों एवं जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।

श्री रजनीश सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और सुशासन के नए युग की शुरुआत की थी। आज लगातार तीसरी बार जनता का विश्वास प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि उसे धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में दी जा रही है, वहीं प्रधानमंत्री जनधन योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली है। प्रेस वार्ता के दौरान श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं तथा उज्ज्वला योजना के तहत माताओं-बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाने का काम किया गया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य हुआ है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन ने पूरे देश में स्वच्छता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया अभियान और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है। अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों तक पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिले।

देश की सुरक्षा को लेकर श्री रजनीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमाएं पहले से अधिक सुरक्षित हुई हैं।

न्यूज गैलरी

जमीन विवाद में खूनी संघर्ष एक की मौत, 8 गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। जिले के बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलमा में लंबे समय से चल रहे पारिवारिक ज़मीन विवाद ने एक बुजुर्ग किसान की जान ले ली कथित रूप से ट्रैक्टर चढ़ा कर हलाक कर दिया गया घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने पेशतर से पेशतर कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिलमा निवासी होस राम पैंकरा (57 वर्ष) का ग्राम पथरई निवासी बजरंग पैंकरा और उसके परिवार के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। विवादित भूमि पथरई के समीप लालमाटी क्षेत्र में स्थित है। दोनों पक्ष उक्त जमीन पर अपना-अपना दावा कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इस भूमि को लेकर राजस्व न्यायालय में भी मामला विचाराधीन है। इससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं हो चुकी थीं। मृतक कुछ दिन पहले इसी मामले को लेकर थाने भी पहुंचा था। रविवार सुबह करीब 11:30 बजे विवादित जमीन पर जुताई करने के लिए एक पक्ष ट्रैक्टर लेकर पहुंचा। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर मौजूद थे। जब इसकी जानकारी होस राम पैंकरा को मिली तो वे अपने परिजनों के साथ खेत पहुंचे और जुताई का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान होस राम और उनके परिवार के सदस्यों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। इसी बीच होस राम जमीन पर गिर गए। आरोप है कि इसके बाद ट्रैक्टर चालक ने उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उनके सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही बतौली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भुवनेश्वर, बजरंग, उमेश, मनोज, रघुनंदन, बोधन, कमली और प्यारी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रैक्टर उमेश चला रहा था। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

गैंग रेप मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

लखनपुर/नवप्रदेश। डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक सरगुजा के दिशा-निर्देश पर थानों में दर्ज प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों की पता-तलाश/गिरफ्तारी की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, इसी क्रम में थाना गांधीनगर पुलिस ने गैंग रेप मामले में संलिप्त दो आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। दरअसल थाना गांधीनगर में पीड़िता ने इस आशय का रिपोर्ट दर्ज कराया है, कि 27मई/2026 को रात करीब 08 बजे आरोपी गुरविन्दर सिंह इसका हाथ-पांव पकड़ लिया और इसका साथी रितिक बंगाली पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपीगण पीड़िता को डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देकर इसे घर में बंधक बना कर रखे थे,जो किसी तरह से घर से निकलकर अपने परिचितों को बताकर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अफवाहों पर न दें ध्यान: जिले में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में 1 लाख 60 हजार 684 लीटर पेट्रोल और 1 लाख 46 हजार 611 लीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है। इंडियन ऑयल के कोरबा डिपो में आई तकनीकी खराबी के कारण पिछले दो-तीन दिनों में परिवहन में कुछ देरी हुई थी, जिसे अब पूरी तरह ठीक कर लिया गया है। अस्थाई रूप से कम स्टॉक वाले पंपों पर सीमित वितरण की व्यवस्था की गई है ताकि सभी वाहन चालकों को ईंधन मिल सके। इसके साथ ही जिले में घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी गैस की भी कोई कमी नहीं है। बैकुण्ठपुर और सोनहत विकासखंड सहित सभी गैस एजेंसियों को 10 से 14 जून के बीच नया स्टॉक मिल चुका है।

राजभाषा आयोग के आयोजन में सम्मिलित हुए जिला के साहित्यकार

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार, नगर पालिक निगम कोरबा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयोग के अध्यक्ष मान. प्रभात मिश्रा एवं सचिव मान. अभिलाषा बेहार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और लोक संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कोरबा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं महापौर संजू देवी पटेल शामिल रहीं। सभी अतिथियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन पर अपने विचार व्यक्त किए।दिनभर चले इस आयोजन के दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ी काव्य पाठ, लोकगीत और हास्य-व्यंग्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। प्रदेशभर से आए कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जनजागरण, सामाजिक चेतना और संस्कृति संरक्षण का संदेश दिया। सभागार तालियों और ठहाकों से गूंज उठा।इस कार्यक्रम में मुंगेली जिले से साहित्यकारों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ, जिसका नेतृत्व डी.एल. भास्कर मुंगेलिहा (समन्वयक) ने किया। उनके साथ डॉ. सत्यनारायण तिवारी 'हिमांशु', राकेश गुप्त 'निर्मल', ज्वाला प्रसाद कश्यप, डॉ. दिलीप सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार तिवारी एवं महेश कुमार ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी रचनाओं में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य और जनजागरण गीतों ने विशेष आकर्षण पैदा किया, जिससे पूरा सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा। प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोरबा जिला समन्वयक दिलीप अग्रवाल सहित स्थानीय साहित्यकारों एवं आयोजक टीम का विशेष योगदान रहा। आयोजन ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य जनमानस में गहरी पैठ रखते हैं और इन्हें बढ़ावा देने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डीआईजी व एसएसपी सरगुजा ने जनरल परेड की ली सलामी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। रक्षित केंद्र अम्बिकापुर में आज 12/जून/26 को आयोजित जनरल परेड की सलामी महकमा के डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने ली।, परेड निरीक्षण के दौरान डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण कर बेहतर वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियो कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया गया, जनरल परेड के दौरान पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों की टोली बनाकर परेड कराया गया, साथ ही अधिकारियो कर्मचारियों को अनुशासित रहने हिदायत दिए। जनरल परेड निरीक्षण के पश्चात डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा ने वाहन शाखा का निरीक्षण करते हुए सभी शासकीय वाहनों की बारीकी से जांच करते हुए रखरखाव पर ध्यान देने कहा। पुलिस लाईन के शस्त्रागार व स्टोर शाखा का निरीक्षण कर आर्म्स एम्युनेशन के रख-रखाव एवं रिकार्ड बेहतर तरीके से संधारण करने के निर्देश दिए। अधिकारी व जवानों की सुविधा के लिए खोले गए पुलिस कल्याण कैन्टीन एवं पुलिस बैंक का लाभ लेने अधिकारी/कर्मचारियों कों प्रोत्साहित किया। जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, उप पुलिस अधीक्षक राकेश बघेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निशांत कुर्रे, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी धौरपुर निरीक्षक सी. आर. चंद्रा, थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक विवेक सेंगर, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता सहित थाना/चौकी एवं कार्यालय से 184 पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

छत्तीसगढ़ में 'शाला प्रवेश उत्सव' आज से, सीएम ने की सहभागिता की अपील

बैकुण्ठपुर/कोरिया/नवप्रदेश। नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर छत्तीसगढ़ में 16 जून से 27 जून तक प्रदेशभर में 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने संदेश दिया कि 'बच्चों की मुस्कान, शिक्षा का सम्मान-यही विकसित छत्तीसगढ़ की पहचान है। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया है कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के किसी विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पीएम श्री स्कूलों के साथ-साथ वर्ष 2026 से 150 नए विवेकानंद विद्यालयों की स्थापना की जा रही है। शासकीय स्कूलों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके अलावा छात्रों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और छात्राओं को सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएँ निरंतर दी जा रही हैं।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त संग्रहित

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी (जिला एमसीबी) एवं लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सेंट्रल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 32 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत अभियान में अपना योगदान दिया। विशेष रूप से पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. लवलेश गुप्ता ने बताया कि सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिविर की सफलता का श्रेय ब्लड बैंक की समर्पित टीम रूपेन्द्र सिंह, कृष्णा राम एवं विंसी सिंह सहित समस्त कर्मचारियों को दिया। रक्तदाताओं ने सेंट्रल हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं, आधुनिक सुविधाओं और स्वच्छता की मुक्तकंठ से सराहना की। साथ ही उन्होंने एसईसीएल के सहयोग से संचालित इस ब्लड सेंटर की तकनीकी दक्षता व संवेदनशील व्यवहार की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अम्बिकापुर में 'वनदुर्गा महात्म्य' सहित ऐतिहासिक दस्तावेज़ों की हुई पहचान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। अभियान का प्रथम चरण 15 जून को पूर्ण होने जा रहा है।

इस दौरान सरगुजा जिले में प्राचीन ज्ञान-संपदा के रूप में अनेक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पाण्डुलिपियां सामने आ रही हैं। अभियान के अंतर्गत अम्बिकापुर नगर में दो संरक्षकों के पास महत्वपूर्ण पाण्डुलिपियां प्राप्त हुई हैं। बिलासपुर चैक निवासी डॉ. सुधीर पाठक के पास संवत् 1866 में लिखित वनदुर्गा महात्म्य की पाण्डुलिपि मिली है। इसके साथ ही तत्कालीन महाराज सरगुजा को संबोधित भूमि संबंधी एक आवेदन पत्र भी प्राप्त हुआ है। डॉ. पाठक ने बताया कि यह पत्र स्वतंत्रता पूर्व का है, जिसे उनके बाबा जी द्वारा लिखा गया था। उल्लेखनीय है कि अम्बिकापुर नगर में वनदुर्गा से संबंधित कई पाण्डुलिपियां पूर्व में भी प्राप्त हो चुकी हैं। पाण्डुलिपियों का अवलोकन करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमारी समृद्ध प्राचीन ज्ञान-संपदा सामने आ रही है, जिसका लाभ वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों को मिलेगा।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान
जिला - खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक-2483/व.ले.लि./2026, छुईखदान, दिनांक 11/06/2026

निविदा निरस्तीकरण आदेश

निविदा सूचना क्रमांक 02 / व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 11.08.2026 निविदा सिस्टम क्रमांक-173473 (प्रथम आमंत्रण) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड खैरागढ़ के अन्तर्गत लमती फीडर लघु जलाशय योजना के मुख्य बांध का 990 मी. लंबाई में (अनुमानित) मिट्टी बांध का डिजाइन, ड्राइंग एवं निर्माण स्पीलवे लंबाई 167 मी. (अनुमानित) स्पील चैनल लंबाई 1050 मी. (अनुमानित) से संबंधित सभी निर्माण कार्य, 01 नग हेड स्लूस डबल गेट के साथ, फीडर नहर के निर्माण से संबंधित सभी कार्य, पुर्नबसाहट कार्य (बिल्डिंग कार्य इत्यादि) तथा रोड का निर्माण कार्य बंड - लाईन में ड्रिलिंग के साथ मिट्टी स्ट्रेटा का अन्वेषण, डुबान क्षेत्र, बंड लाईन एवं स्पीलवे के साथ स्पील चैनल एवं नया कार्य का भू-अर्जन प्रकरण तैयार करना एवं कम्पलायंस कराना, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय नई दिल्ली से वन भूमि प्रकरण एवं पर्यावरण क्लीयरेन्स कराना और सभी प्रकार के अन्य संबंधित कार्य, बांध कार्य पूर्ण होने के पश्चात पांच साल वर्षाऋतु तक पूरे कार्यों का संचालन एवं मरम्मत का कार्य हेतु लम्प - सम निविदा कार्य, (लागत राशि रु.137.23 करोड़) के लिये आमंत्रित निविदा जिसका जी.नं.-252602762 है, को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19 नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 4263739/TC/25/4790 नवा रायपुर दिनांक 11/06/2026 में दिये गये निर्देश के परिपालन में उक्त आमंत्रित निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
जिला-केसीजी (छ.ग.)

जी-262701440/5

मौसम ने बदला मिजाज बारिश के साथ मानसून की दस्तक

लखनपुर/नवप्रदेश। क्षेत्र में इन दिनों मौसम परिवर्तन के साथ हो रहे लगातार बारिश ने मानसून आने का इशारा कर दिया है। बदलते मौसम के साथ तापमान में गिरावट आई है तपते गर्मी से कुछ राहत मिली है। आसमानी घटाओं के बरसने को लेकर मानसून आने की दस्तक माना जा रहा है। साथ ही क्षेत्र के किसान खरीफ सीजन में धान थरहा छिटका धान, मक्का अरहर आदि बुआई की तैयारी कर रहे हैं। कहीं कहीं धान नर्सरी की जा चुकी है। किसान अपने खेतों की ओर लौटने लगे हैं। सहकारी समितियों से ऋण पर रासायनिक खाद बीज लेने कृषकों की भीड़ देखी जा रही है वहीं बीज दुकानों से भी किसान अपने मनपसंद हाइब्रीड धान बीज की खरीदारी कर रहे हैं।

Public Works Department
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No. 408/TC/EinC/PWD/2026-27 **Dated- 08.06.2026**

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-II** in the district of **Sukma** for construction of **01 Road** with estimated cost amounting **Rs 145.57 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 10.06.2026 and may be submitted up to 17.00 Hrs. on 22.06.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D.Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-262701421/6

गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निगरानी में हो रहा टेडमा बडेसाल्ही सड़क का निर्माण : कार्यपालन अभियंता

बैकुण्ठपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बचरा पोड़ी तहसील क्षेत्र में टेडमा से बडेसाल्ही तक बन रही 6.40 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पूरी तरह निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (बैकुंठपुर) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है और गुणवत्ता संबंधी सभी नियमों का कड़ाई से पालन हो रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सड़क निर्माण के शुरुआती चरण में अर्थवर्क के दौरान नियमों के मुताबिक पानी का छिड़काव कर रोलिंग और कम्पेक्शन का काम पूरा किया गया। वर्तमान में जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) का काम चल रहा है, जिसमें तय मापदंडों के अनुसार क्रशर स्टोन और डस्ट के मिश्रण का उपयोग किया जा रहा है। यह स्पष्ट किया गया है कि अर्थवर्क, सबग्रेड और जीएसबी का कार्य पूरा होने के बाद ही तकनीकी प्रक्रिया के तहत डब्ल्यूएमएम (वेट मिक्स मैकडम) का काम शुरू होगा। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय इंजीनियर और ठेकेदार समय-समय पर इसकी जांच कर रहे हैं।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(FIRST CALL)

System Tender No. 193183/ NIT No.07/SAC/2026-27 **Raipur, Dated- 12.06.2026**
Online Tenders are invited for the following works up to **03.07.2026 at 17.30 Hours.**
Name of work- Renovation work of Second Floor of State Data Centre Building and Upgradation Work of Sihawa Bhawan Campus under Mahanadi Project in Block Dharsiwa, District Raipur.
Probable Amount of Contract - **Rs. 98.98 Lakhs (Excluding G.S.T.)**
(As per S.O.R Enforced from Dated 01.01.2015 of C.G. P.W.D. Building).
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 19.06.2026 at 17.31 Hours. (IST) onwards.**
NOTE- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G- 262701434/5

सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों को समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिए निर्देश

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सोमवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों पर प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक एवं श्री रामसिंह ठाकुर, नगर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नक्शा प्रोजेक्ट में प्रगति, एग्रिस्टेक पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र में प्रगति, एनएचएम अंतर्गत भर्ती, ई केवाईसी में प्रगति, आयुष्मान कार्ड निर्माण, डीएमएफ अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की स्थिति सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि पर समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वसंत ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मांग संबंधी सभी आवेदन जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं, ताकि आमजन को समय पर लाभ मिल सके।

बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित एवं निराकृत आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों से आवेदन निराकरण की स्थिति, प्रगति तथा शेष

मामलो की जानकारी ली गई। समीक्षा के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि आवेदनों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब न हो। अन्य प्राप्त शिकायतों को भी गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने कहा। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सी एम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण में प्रगति विभाग की कार्यशैली दर्शाती है, इसलिए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण किया जाए। आमजन की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन और जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्या के निराकरण की पुष्टि करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यथासंभव एल 1 स्तर पर ही शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने डीएमएफ एवं अन्य मदों तहत स्वीकृत, पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की विभागवार जानकारी ली। पिछले वर्ष के सभी निर्माण कार्यों को समय- सीमा पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायतवार विभिन्न पंचायत के स्वीकृत निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर प्रस्तावित आरआरसी प्रकरणों की समीक्षा कर समय अवधि में लंबित वसूली कार्य पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

मिट्टी बांध बना सहारा, 9 हेक्टेयर खेत सिंचित होगा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत प्रतापपुर के दूरस्थ क्षेत्र ग्राम पंचायत भेलकच्छ में मनरेगा के तहत बने मिट्टी बांध ने गांव में उम्मीद जगाई है। बांध बनने से स्थानीय मजदूरों को काम मिला। आसपास की जमीन का जल स्तर नियंत्रित हुआ। करीब 9 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई की सुविधा मिली है। मनरेगा के तहत मिट्टी बांध का निर्माण स्थानीय श्रमिकों की भागीदारी से कराया गया। काम के दौरान दर्जनों ग्रामीणों को नियमित मजदूरी मिली। इससे गांव की अर्थव्यवस्था को सहारा मिला। परियोजना में महिलाओं और युवा मजदूरों को भी रोजगार मिला। बांध से बारिश का पानी जमा हुआ। पानी जमीन में रिसा। गांव के कुओं और तालाबों का जल स्तर सुधरा। वहीं करीब 9 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो गई। इससे दो फसल प्रणाली अपनाई जा सकेगी। किसानों का कहना है कि सूखे के समय फसल की सुरक्षा बढ़ेगी, पैदावार में सुधार की उम्मीद है।

बड़ा बाजार में रात को एसपी ने पैदल मार्च निकाला

अंबिकापुर/नवप्रदेश। बड़ा बाजार और आसपास के रिहायशी इलाकों में शुक्रवार रात पुलिस ने पैदल मार्च और रोड पेट्रोलिंग की। पुलिस कप्तान रत्ना सिंह भारी बल के साथ खुद सड़कों पर उतरीं। कार्रवाई का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना और अपराधियों पर दबाव बनाना बताया गया। पेट्रोलिंग के दौरान रत्ना सिंह ने पुलिस टीम को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध व्यापार नहीं चलेगा। जुआ, सट्टा और अवैध शराब जैसे धंधों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए गए। ऐसे कामों को संरक्षण देने वालों पर भी कार्रवाई की बात कही गई। असामाजिक तत्वों और गुंडों की सूची अपडेट करने के निर्देश दिए गए। माहौल बिगाड़ने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजने को कहा। इस दौरान सीएसपी दीपिका मिंज और चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह मौजूद रहे। रत्ना सिंह ने नए जवानों को दफ्तर में न बैठाने और फील्ड में तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़ी और व्यावहारिक ट्रेनिंग और स्मार्ट पुलिसिंग पर जोर दिया। पेट्रोलिंग के बाद रत्ना सिंह ने चिरमिरी थाने का औचक निरीक्षण किया और रिकॉर्ड की जांच की। पुलिसकर्मियों को फील्ड में सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

तकिया इलाके से हटाया कब्जा 23 अवैध निर्माण ध्वस्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर से लगे तकिया पावर हाउस के पास वन विभाग की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला। वन विभाग और राजस्व के अफसरों ने पुलिस बल की मौजूदगी में 23 मकानों को जमींदोज कर दिया। बेदखली का अंतिम नोटिस पहले ही मिल जाने के कारण कई लोगों ने खुद मकान खाली कर दिए थे। कार्रवाई पार्षद आलोक दुबे की शिकायत पर मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश और जांच के बाद की गई। सरगुजा डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि तकिया इलाके में 31 घर चिह्नित थे, जिनमें से 23 अवैध कब्जे हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिन घरों को तोड़ा गया, उन्हें कोर्ट से राहत नहीं मिली। कुछ लोगों ने भेदभाव का आरोप लगाकर हाईकोर्ट से सशर्त स्थगन लिया। वन अधिकार पट्टे की पात्रता की जांच के लिए कलेक्टर-डीएफओ टीम बनी है। जांच में अपात्र पाए जाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रह सकती है।

जांजगीर-चांपा में निर्माणाधीन मकान से 4 एसी, 2 पंखे चोरी: दो गिरफ्तार



जांजगीर/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से एयर कंडीशनर और पंखों की चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए चार एयर कंडीशनर, दो सीलिंग फैन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। नरियरा निवासी राहुल अग्रवाल ने मुलमुला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान में फिटिंग के लिए 17 एयर कंडीशनर और 4 सीलिंग फैन रखे गए थे। 31 मई की सुबह मकान का ताला टूटा मिला। जांच करने पर चार एसी और दो पंखे गायब पाए गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 1.30 लाख रुपये बताई गई।

निधन

अजय देवांगन

मुंगेली/नवप्रदेश। गांधी वार्ड निवासी अजय देवांगन पिता रमेश देवांगन उम्र 45 वर्ष का 12 जून को आकस्मिक निधन हो गया। वे योगेश देवांगन के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को रावणभाठा स्थित देवांगन समाज मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला द्वारा संगठन के निर्देशानुसार 12 साल बेमिसाल विकसित भारत संकल्प, प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन, में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, प्रबुद्धजन वक्ता पंडित दीनानाथ उपाध्याय, श्रीकांत गोवर्धन, प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सोनी, सनत सिंह ठाकुर, विद्या दुबे, रत्नमणि केशरवानी, कुंज बिहारी वैष्णव, द्वारिका जायसवाल, कोमल गिरी गोस्वामी, धनीराम यादव, शैलेष पाठक, नरेंद्र शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन, सुशासन, आधारभूत संरचना विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने अंत्योदय की भावना को साकार करने वाली योजनाओं, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने वाले कार्यों की सराहना किया, प्रबुद्धजन वक्ता पंडित दीनानाथ उपाध्याय ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं महाकाल लोक जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दिलाने में सफल हुआ है। श्रीकांत गोवर्धन ने देश में आधारभूत संरचना के विकास, सड़क नेटवर्क के विस्तार, बाजारों की उपलब्धता तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति किया है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेस क्लब अध्यक्ष अनिल सोनी ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती शक्ति, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने देश में ष्वन नेशन, वन इलेक्शनष् लागू करने तथा पूरे भारत में समान और एकरूप कानून व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। पूर्व सांसद लखनलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने वर्तमान और पूर्व की परिस्थितियों की तुलना करते हुए कहा कि आज भारत का सर्वांगीण विकास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिसे देश की जनता अनुभव भी कर रही है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे लाभों का उल्लेख करते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गुरमीत सलूजा ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सहसंयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर पालिका परिषद लोरमी के अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, पथरिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडे, वरिष्ठ नागरिक जगदीश देवांगन, विमल लूनिया, चंपालाल सुथार, नागेश्वर सिंह, शांति देवचरण भास्कर, प्रेम आर्य, वीनू पांडे, मोहन मल्लाह, राणा प्रताप सिंह,रजनी मानिक सोनवानी, शीलू साहू, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, राजीव श्रीवास, अभिलाष त्रिवेदी, रितिमा लाल, मिट्ठूलाल यादव सहित जिला भाजपा के पदाधिकारीगण, पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

निजी स्कूलों को संकुल स्तर पर पाठ्यपुस्तकें देने की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य के निजी विद्यालयों को भी शासकीय स्कूलों की तर्ज पर संकुल स्तर पर ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की है, संघ का तर्क है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण निजी स्कूलों को पाठ्यपुस्तकें लेने के लिए दूर-दराज के डिपो तक जाना पड़ता है, और एक बार में ही सारी किताबें उपलब्ध नहीं हो पाती जिससे हर साल लाखों लीटर डीजल की भारी बर्बादी होती है साथ ही निजी विद्यालयों को डिपों से भी स्कैन कर के किताबें प्राप्त होती है।छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 7000 के आसपास अशासकीय विद्यालय संचालित हैं। मौजूदा व्यवस्था के तहत प्रत्येक निजी स्कूल को अपनी पाठ्यपुस्तकें प्राप्त करने के लिए स्वयं के परिवहन साधनों (जैसे स्कूल बस, मैजिक, मेटाडोर आदि) से बिलासपुर में स्थित केवल एक स्थाई डिपो सह वितरण केंद्रों तक जाना पड़ता है, एक बार में ही सारे कक्षाओं की किताबे उपलब्ध नही हो पाती है उपर से सभी किताबों की स्कैनिंग करनी पडती है जिससे समय और आर्थिक परेशानी का सामना करना पडता है, एक अनुमान के मुताबिक, इस लंबी दूरी को तय करने, पुस्तकों के परिवहन में डीजल की खपत अधिक होती है संघ के नेताओं का कहना है कि यह न केवल निजी स्कूलों के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ है, बल्कि पेट्रोल-डीजल जैसे सीमित राष्ट्रीय संसाधनों की भी अनावश्यक बर्बादी है, मुख्यमंत्री को दिए सुझाव में संघ ने स्पष्ट किया है कि पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रतिवर्ष शासकीय विद्यालयों को संकुल स्तर पर तथा स्वामी आत्मानन्द और पीएमश्री स्कूलों को हाई स्कूल स्तर पर सीधे पुस्तकें वितरित की जाती हैं।

श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई सोमवती अमावस्या

मुंगेली/नवप्रदेश। हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाली सोमवती अमावस्या सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, पितरों का तर्पण तथा पीपल वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व माना गया है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। विवाहित महिलाएं पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पीपल वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करती हैं। मंदिरों और धार्मिक स्थलों में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पंडित दीनानाथ उपाध्याय के अनुसार अमावस्या तिथि पर पितरों के निमित्त तर्पण, ब्राह्मण भोजन और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं दक्षिणा का दान करना शुभ माना गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही नदी-तालाबों और मंदिरों में पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान करेंगे, क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों में भी विशेष पूजा-पाठ की तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालु भगवान शिव, माता पार्वती और पीपल देव की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगल कामना करेंगे। सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन स्नान, दान, तर्पण और पीपल पूजन करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना से पीपल और वृक्ष की परिक्रमा करती हैं। वहीं, श्रद्धालु पितरों की शांति के लिए तर्पण और दान-पुण्य करते हैं। यह दिन आध्यात्मिक साधना और पुण्य अर्जित करने के लिए विशेष माना जाता है।

पेज 1 का शेष...

सीएम हेल्पलाइन 1076 पर...

शिक्षा 410, लोक स्वास्थ्य 508, महिला एवं बाल विकास 279 मामलों को भी नागरिकों ने हेल्पलाइन के माध्यम से उठाया है। अन्य विभागों से संबंधित 3 हजार से ज्यादा आवेदन हैं। साय सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन में लोग जबरदस्त रूचि दिखा रहे हैं।

ईरान-अमेरिका के बीच...

दुनिया के अलग-अलग विदेशी बैंकों में फ्रीज पड़ा ईरान का अरबों डॉलर का फंड चरणबद्ध तरीके से रिलीज किया जाएगा। इस बड़ी आर्थिक राहत से ईरान की बैंकिंग व्यवस्था सुधरेगी और वह अन्य देशों से सीधा व्यापार कर सकेगा, जिससे उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था को दोबारा पटरी पर लौटने में बड़ी मदद मिलेगी।

तीन महीने बाद खत्म हुआ संघर्ष

28 फरवरी से शुरू हुआ यह संघर्ष, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमेनई की मृत्यु हो गई थी, अब तीन महीने बाद समाप्त होने की राह पर है। वॉशिंगटन और तेहरान के बीच इस शांति प्रस्ताव पर सहमति बनी है, जिसे 19 जून को जिनेवा में औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित किया जाना है।

शाला प्रवेशोत्सव को जन...

संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश तथा बालिकाओं के लिए सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग और व्यापक जनभागीदारी से शाला प्रवेश उत्सव को सफल बनाते हुए प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।

आरटीआई एक्टिविज्म अब...

बेंच ने कहा, 'इन सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? आप कौन सी अथॉरिटी हैं? आपको ये अधिकार किसने दिए हैं।' इससे पहले, पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 14 मई को दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सूचना का अधिकार कानून का उपयोग करके सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और जनता के प्रति जवाबदेही तय करने को 'आरटीआई एक्टिविज्म' कहा जाता है। इसके तहत सामाजिक कार्यकर्ता या आम नागरिक जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकारी विभागों से महत्वपूर्ण जानकारियां मांगते हैं। हालांकि, हाल के दिनों में कुछ लोगों द्वारा इसका गलत इस्तेमाल कर अधिकारियों को डराने या ब्लैकमेल करने के मामले भी सामने आए हैं।

बेटियों के बालिग हो जाने...

आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें बेटी को हर महीने 5000 रुपए का भरण पोषण देने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने यह फैसला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से जुड़े मामले में दिया।

फैमिली कोर्ट के ऑर्डर में कोई गलती नहीं

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने अपने आदेश में यह भी कहा 'फैमिली कोर्ट ने याचिकाकर्ता की पूरी फाइनेंशियल स्थिति और कानूनी जिम्मेदारियों को भी ध्यान में रखा है और रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के आधार पर निष्कर्ष दर्ज किए हैं। अदालत का मानना है कि फैमिली कोर्ट ने अपने ऑर्डर में कोई गैर-कानूनी या कमजोरी या अधिकार क्षेत्र की गलती नहीं की है।

कभी चुनावी पोस्टरों पर लिखा...

लिए खोल दिए हैं। इस फैसले के बाद राजनीतिक विश्लेषक और आम जनता पार्टी के पुराने वादों और नए स्टैंड को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं।

'दलबदलुओं को नकारें' का नारा और यह विरोधाभास

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि महज तीन साल पहले एनसीपीआई ने अपने चुनावी पोस्टरों पर एक बड़ा संदेश लिखवाया था। इस संदेश में जनता से साफ तौर पर अपील की गई थी कि 'अपने अधिकारों की रक्षा के लिए राजनीतिक दलबदलू नेताओं को नकारें'। पार्टी ने मतदाताओं से कहा था कि वे राजनीतिक हस्तियों के बजाय जमीन से जुड़े समाज सेवकों का समर्थन करें। लेकिन आज उसी दल ने तृणमूल कांग्रेस के दो-तिहाई सांसदों वाले बागी गुट को अपने यहा शरण देकर इस मुख्य सिद्धांत की पूरी तरह बलि चढ़ा दी है।

त्रिपुरा चुनाव में जमानत जब्त और अब राष्ट्रीय चर्चा

इस राजनीतिक दल का ट्रैक रिकॉर्ड देखें तो इसकी नीतियां हमेशा से सवालों के घेरे में रही हैं। साल 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में इसी 'दलबदल विरोधी' नारे के साथ पार्टी ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि, हकीकत यह रही कि इसके उम्मीदवार जनता के बीच कोई प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह विफल रहे और उनका प्रदर्शन 'नोटा' से भी बदतर रहा था। पार्टी को कई जगहों पर दिहाड़ी मजदूरों को टिकट देना पड़ा था, जिन्हें चुनाव के बाद यह भी नहीं पता था कि पार्टी का अस्तित्व बचा है या वह पूरी तरह गायब हो चुकी है।

आग की अफवाह: ट्रेन से...

की तलाश में बगल वाले ट्रैक पर खड़े हो गए। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही फिरोजपुर-सिवनी पातालकोट एक्सप्रेस वहां से गुजरी और कई यात्री उसकी चपेट में आ गए। हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों में तीन महिलाएं और एक चार वर्षीय बच्चा शामिल हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

जिला स्तरीय अंडर-14 बास्केटबॉल लीग शुरू

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय अंडर-14 बास्केटबॉल लीग प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता में जिले के प्रशिक्षित खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों में बांटा गया। मैच लीग पद्धति पर कराए जा रहे हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय नियमों और मानकों के अनुसार होंगे। खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं का अनुभव मिलेगा। खेल के तकनीकी नियमों की समझ बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। खेल कौशल निखारना है। खिलाड़ियों को बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय मानकों से परिचित कराना है। राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क, प्रतिस्पर्धा की क्षमता विकसित होगी। संघ का लक्ष्य जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देना है। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री आवास से बदली ग्रामीणों की तस्वीर

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव ने सोमवार को जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिंतिरगांव और करनपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों,पंचायत प्रतिनिधियों और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान किरण देव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर उनसे चर्चा की। लाभार्थियों ने बताया कि पक्के मकान का सपना पूरा होने से उनका जीवन आसान हुआ है और बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिली है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। किरण देव ने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया तथा योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सोमवती अमावस्या पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब

धर्मनगरी हरिद्वार में सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह तड़के से ही हर की पौड़ी समेत गंगा के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने खुद ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने बताया कि लगभग तीन सौ वर्षों बाद ज्योतिषीय गणना के अनुसार ऐसा दुर्लभ योग बना है। ग्रहों की वर्तमान स्थिति, समवर्ती अमावस्या और अधिक मास का यह संयोग बना है। यह अपने आप में अत्यंत विशेष है। हरिद्वार सहित प्रयागराज, सरयू तट (अयोध्या) तथा अन्य सभी तीर्थ स्थलों के लिए इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि जो लोग पूरे मास व्रत रखते हैं, उन्हें सोमवती अमावस्या के दिन अपने पूर्वजों और पितरों का तर्पण करना चाहिए। जहां-जहां नदियां और संगम हैं, वहां स्नान करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति घर पर ही है, तो वह स्नान के जल में थोड़ा-सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकता है और अपने पूर्वजों का स्मरण कर सकता है। अमावस्या के दिन पितृ-तर्पण का विशेष महत्व माना गया है। अपने पितरों की मुक्ति और कल्याण के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। यह एक अत्यंत शुभ और सुलभ योग है।

पूर्वोत्तर की आर्थिक राजधानी के रूप में उभर रहा गुवाहाटी

दक्षिण-पूर्व एशिया से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

गुवाहाटी/ए.। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहलाने वाला गुवाहाटी अब धीरे-धीरे भारत के दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि यह शहर क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार और विकास के लिहाज से लगातार रणनीतिक महत्व हासिल कर रहा है। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि गुवाहाटी में आने वाले दिनों में कई ऐतिहासिक विकास कार्यों की तैयारी चल रही है। इसी क्रम में उन्होंने शहर और उसके आसपास चल रही तथा प्रस्तावित विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लिखा, ÷पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार अब भारत का दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनकर उभर रहा है। गुवाहाटी आने वाले दिनों में कई ऐतिहासिक क्षणों का साक्षी बनने जा रहा है। इसी को देखते हुए मैंने राजधानी और उसके आसपास चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। हालांकि मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में किसी विशेष परियोजना का उल्लेख नहीं किया, लेकिन यह बयान ऐसे समय आया है जब असम में, विशेषकर गुवाहाटी में, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत गुवाहाटी को आर्थिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्य सरकार ने शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इनमें सड़क नेटवर्क का विस्तार, नए फ्लाईओवरों का निर्माण, रिवरफ्रंट इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का विस्तार और पड़ोसी राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों से बेहतर संपर्क स्थापित करने के प्रयास शामिल हैं।

सड़ा सिस्टम पैदा करता है कॉकरोच

जयपुर/ए.। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होने जयपुर पहुंचे। दीपके ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी किसी राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर वर्षों से जमे आक्रोश की अभिव्यक्ति है।

उन्होंने बताया कि पार्टी के नाम की शुरुआत उस समय हुई, जब सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर 'कॉकरोच' शब्द चर्चा में आया। दीपके के अनुसार, उस टिप्पणी का आशय युवाओं को अपमानित और हतोत्साहित करना था। उन्होंने कहा कि वे पहले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सक्रिय थे और उनके 20 हजार से अधिक फॉलोअर थे। इसी दौरान उन्होंने एक पोस्ट लिखी कि देश के जितने भी नाकारा, आलसी और बेकार समझे जाने वाले लोग हैं, वे मेरे साथ आएं, क्योंकि मैं कॉकरोच जनता पार्टी बनाने जा रहा हूं।

पार्टी के नाम में 'जनता पार्टी' जोड़ने के सवाल पर दीपके ने कहा कि यह शब्द विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के नाम से प्रेरित होकर लिया गया। उन्होंने कहा कि एक तरफ कॉकरोच व्यवस्था की गंदगी और सड़ांध का प्रतीक है, जबकि जनता पार्टी आम लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करती है। दोनों को मिलाकर कॉकरोच जनता पार्टी का नाम अस्तित्व में आया। दीपके ने बेरोजगारी को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि युवाओं को नाकारा और आलसी कहने वाले यह बताएं कि उन्हें रोजगार क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराना सरकार और सिस्टम की जिम्मेदारी है।

एक पोस्ट और युवाओं का उमड़ा समर्थन

दीपके ने कहा कि इस पोस्ट के बाद जिस तरह युवाओं का समर्थन मिला, उससे यह स्पष्ट हो गया कि देश में असंतोष और नाराजगी बहुत गहरी है। उन्होंने कहा कि कॉकरोच शब्द का इस्तेमाल युवाओं को नीचा दिखाने के लिए किया गया था, लेकिन उन्होंने इसे प्रतिरोध और संघर्ष के प्रतीक में बदल दिया। उनका कहना था कि कॉकरोच हमेशा सड़ी-गली और गंदी जगहों से निकलता है। यदि व्यवस्था पूरी तरह सड़ चुकी हो और उसमें भ्रष्टाचार, बेरोजगारी तथा असमानता फैली हो, तो स्वाभाविक रूप से प्रतिरोध भी उसी व्यवस्था से जन्म लेगा।

अमेरिका और भारत की व्यवस्थाओं की तुलना

अमेरिका से हाल ही में लौटे दीपके ने वहां की व्यवस्थाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में सामाजिक सुरक्षा और अवसरों की समानता कहीं अधिक मजबूत है। सरकार नागरिकों को सुविधाएं देकर उन पर कोई एहसान नहीं जताती। वहीं भारत में अभी भी शिक्षा, रोजगार और तकनीकी विकास के मुद्दों पर गंभीर काम की कमी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि एआई और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में भारत में केवल घोषणाएं और एमओयू दिखाई देते हैं, जबकि वास्तविक प्रगति के आंकड़े सामने नहीं आते।

देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद : पेट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली/ए.। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और स्थिर बनी हुई है। सरकार ने लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदने से बचने की अपील की है। मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि देश की सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सप्लाई में किसी तरह की कमी नहीं है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सुजाता शर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री सामान्य से ज्यादा देखी गई है। हालांकि इसका कारण किसी तरह की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक, संस्थागत, वाणिज्यिक और प्रत्यक्ष उपभोक्ता अब अपनी ईंधन जरूरतों के लिए सीधे सप्लाई चैनल की बजाय खुदरा पेट्रोल पंपों से खरीदारी कर रहे हैं। इसी वजह से कुछ रिटेल आउटलेट्स पर बिक्री के आंकड़े बढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और आम लोगों को पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-I/TMD/W/TN-86/26/1582 — Marwa, dtd.10.06.2026

NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-86/2026: -

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

S. No.	Tender Specification No.	RFx No. (E-Tender No.)	Particulars	Last Date/ Time of submission of bid.	Tender Fee	EMD (in Rs.)
01.	15-06/ S&P/ EE-I/ TMD/W/ T-109/26	8100052070	Work contract for supply & application of Rock Wool insulation for Turbine area of both units #1 & #2 of 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	15.07.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%)	6910
02.	15-06/ S&P/ EE-I/ TMD/W/ T-110/26	8100052111	Internal poly urethane & external epoxy painting with supply of paint/primer for DM storage tank 03 nos, Degasser tank 03 nos, Acid storage tank 02 nos, Alkali stoage tank 02 nos, Measuring tanks 05 nos and other tanks installed in DM plnat of Turbine BOP area at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa.	16.07.2026 15:30 Hrs	Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%)	11860

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION // S- 48164/2

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)
ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

नीट री-एग्जाम पेपर लीक के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़

अहमदाबाद/जयपुर। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने सोमवार को राजस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, दोनों पर टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से री-नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का दावा कर छात्रों और अभिभावकों से कथित ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क को संचालित करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, जांच में यह पता लगने के बाद कि कुछ लोग टेलीग्राम के माध्यम से री-नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र और परीक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी होने का दावा कर रहे थे, मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 319(2) और 54 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(ष्ठ) के तहत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कई टेलीग्राम चैनल, टेलीग्राम आईडी और ऑनलाइन समूह बनाए थे, जिनमें री-नीट प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने संबंधी संदेश प्रसारित किए जाते थे। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और उनके अभिभावकों को विज्ञापनों, पोस्ट और संदेशों के जरिए निशाना बनाया जाता था। इन माध्यमों से परीक्षा से संबंधित सामग्री और अन्य लाभ उपलब्ध कराने के दावे किए जाते थे। साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार छात्रों और अभिभावकों से प्रश्नपत्र और गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने के नाम पर पैसे लिए जाते थे। जांच एजेंसी का आरोप है कि इन चैनलों का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने और वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किया गया। जांच में सामने आया कि जैसे ही छात्र या अभिभावक आरोपियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करते थे, आरोपी उनसे संपर्क समाप्त कर देते थे। ना तो कोई प्रश्नपत्र दिया जाता था और ना ही पैसे वापस किए जाते थे। इस तरह आरोपी परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंता और प्रतिस्पर्धा का फायदा उठाकर आर्थिक ठगी को अंजाम दे रहे थे।

जयपुर और कोटा से दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार टेलीग्राम चैनलों, टेलीग्राम आईडी, मोबाइल नंबर, आईपी एड्रेस और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के तकनीकी विश्लेषण तथा मानव स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो आरोपियों की पहचान की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुमेर सिंह मीणा और आकाश मीणा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुमेर सिंह मीणा इलेक्ट्रॉनिक्स में आईटीआई स्नातक है। वह राजस्थान के जयपुर में महेश नगर, जेडीए पार्क के पास का निवासी है और मूल रूप से सवाई माधोपुर जिले की बौंली तहसील के पुनेता गांव का रहने वाला है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला - सुकमा छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / 502/लो.नि.वि./2026-27 — सुकमा दिनांक 11.06.2026

नगर पालिका परिषद सुकमा द्वारा छत्तीसगढ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था-ई रजिस्ट्रेशन में 'डी' एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर निविदा 'अ' में निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है ।

क्र.	S.T. No.	कार्य का विवरण	निविदा राशि (लाख में)	ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
01	193174	आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य मेन रोड एन.एच. 30 से पुलिया तक वार्ड क्र. 05 (BUILDING SOR 01.01.2015) (2nd Call)	17.33	29.06.2026
02	193195	सी.सी. सड़क निर्माण कार्य मेन रोड एन. एच. 30 से पुलिया तक वार्ड क्र. 05 (ROAD SOR 01.01.2025) (2nd Call)	14.37	29.06.2026
03	193196	बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य सामुदायिक भवन वार्ड क्र.05 (BUILDING SOR 01.01.2015) (2nd Call)	12.53	29.06.2026
04	193068	बस स्टैण्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्र.11 (BUILDING SOR 20.04.2026) (1st Call)	25.43	06.07.2026

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर देखी एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सुकमा
जिला - सुकमा छ.ग.

भारती एयरटेल ने अफ्रीका स्टेक विलय के लिए मजबूत शेयरधारक समर्थन प्राप्त किया

निवेशकों का समर्थन मूल्य-संवर्धक एवं सुशासन-आधारित लेन-देन में दृढ़ विश्वास को पुष्ट करता है

नई दिल्ली/ए.। भारती एयरटेल लिमिटेड ("भारती एयरटेल" या "कंपनी") ने घोषणा की कि उसके लगभग 100त्न शेयरधारकों ने अपनी प्रमुख रणनीतिक सहायक कंपनी एयरटेल अफ्रीका पीएलसी में हिस्सेदारी के संकलन के लिए चल रहे समझौते को मंजूरी दे दी है, जो भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी में कॉर्पोरेट सुशासन के सर्वोच्च मानकों को रेखांकित करने के साथ-साथ निवेशकों के सुदृढ़ विश्वास को भी पुष्ट करता है। इस लेन-देन में भारती एयरटेल इंडियन कांटिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, एक प्रमोटर समूह संस्थान, को अधिमान्य आधार पर अपने इक्विटी शेयर जारी कर रहा है, बदले में एयरटेल अफ्रीका में 16.31त्न हिस्सेदारी लेने के लिए। इस प्रस्ताव को सार्वजनिक एवं संस्थागत निवेशकों सहित शेयरधारकों से अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ, जो इसके रणनीतिक औचित्य और दीर्घकालिक मूल्य सृजन की संभावनाओं में विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। यह लेन-देन एक नकदी-रहित शेयर अदला-बदली है, जो कंपनी को बिना किसी अतिरिक्त ऋणभार अथवा नकदी बहिर्वाह के एक उच्च-वृद्धि वाली परिसंपत्ति में बड़ी हिस्सेदारी अर्जित कर अपनी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह समूह की शेयरधारिता संरचना को सरल बनाता है तथा पारदर्शिता को सुदृढ़ करता है, जो कॉर्पोरेट सुशासन एवं पूंजी दक्षता में एक नया प्रतिमान स्थापित करता है। सुनील भारती मित्तल, संस्थापक और चेयरमैन, भारती एंटरप्राइजेज, ने कहा, ÷एयरटेल अफ्रीका हमारी विकास रणनीति के केंद्र में है और यह हमारे एकीकृत राजस्व में लगातार योगदान के साथ मजबूत प्रदर्शन देने के लिए अच्छी स्थिति में है। कंपनी हमेशा सर्वोच्च मानकों के कॉर्पोरेट गवर्नेंस और वित्तीय अनुशासन के अनुसार संचालित हुई है।

देश के बहुसंख्यक समाज पर भाजपा के फैलाए 'जहर' का असर': जावेद अली

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य जावेद अली खान ने अपने मुरादाबाद दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर समाज में विभाजन और वैमनस्य फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा फैलाए गए 'जहर' का असर अब देश के बहुसंख्यक समाज पर भी पड़ रहा है, जिससे आपसी विश्वास और सद्भाव कमजोर हुआ है।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/2729 — Korba West, dtd. 11.06.2026

e-Bidding TENDER NOTICE No. 1418/2026.

Online tenders are invited from Experienced & Prospective firms for the following Work/Supply :

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100052145	Deployment of Vehicle Cat-SUV for S.E. (CHP: MM), HTPS, Korba West.	590/-	6,845/-	10.07.2026
2.	Rfx No. 8100052182	Deployment of ITI Worker at Workshop of WS&G Division, HTPS, Korba West.	590/-	8,215/-	07.07.2026
3.	Rfx No. 8100052174	Supply of Computer spare parts for Desktop PC sets installed at various locations of HTPS, Korba West.	590/-	14,984/-	06.07.2026
4.	Rfx No. 8100052163	Pocking of Bunkers, Feeders to maintain the normal coal flow through raw coal feeders of Unit No. 1 to 5 round the clock or as and when required, predominantly during rainy season at HTPS, Korba West.	590/-	8,435/-	01.07.2026

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.2.** Quantity as per tender schedule.3.Any Extension/ Corrigendum / Amendments if required, shall be displayed on our websites only.

SUPERINTENDING ENGINEER (C)
S-48156/2 O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का सम्मेलन, समस्याओं पर हुई चर्चा

- **संघ का अगले वर्ष प्रांतीय अधिवेशन बस्तर में कराने की सहमति**

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव थे। अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने की जबकि विशिष्ट अतिथि संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव एवं आर चन्द्रा थे। समारोह में नव निर्वाचित जिला पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर संघ के मुख्य संरक्षक पीआर यादव ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए मुख्य अतिथि को राज्य सरकार के समक्ष कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों को रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों से संबंधित मोदी की गारंटी के वादों को पूरा करना चाहिए। साथ ही, शासकीय कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा की मांग भी उठानी चाहिए।

समारोह में संघ के प्रदेश महामंत्री गजेन्द्र श्रीवास्तव ने कर्मचारियों की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगा। स्वागत बस्तर जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने किया। उन्होंने संघ का 9वा प्रांतीय अधिवेशन अगले साल बस्तर में कराने की जिम्मेदारी ली।

ये रहे मौजूद

सम्मेलन में बिलासपुर से प्रान्तीय महामंत्री हिमांचल साहू, पेंशनर श्रीवास्तव तथा बीजापुर जिला अध्यक्ष बी.राजा बाबू, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा, कांकेर जिला अध्यक्ष हिरेश नायक सहित संभाग के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन बस्तर संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने किया और आभार महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने जताया।

भाजपा कार्यसमिति बैठक में संगठन विस्तार और बूथ सशक्तिकरण पर दिया जोर

- **आगामी कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति पर हुई चर्चा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की बस्तर संभागीय बैठक एवं जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हुई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं, बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की भूमिका बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ संरचना है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, संभागीय सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, जी वेंकट, शिवनारायण पाण्डेय, टेकेश्वर जैन ,पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, सुधीर पाण्डेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी हेमंत पाणिग्रही, योगेन्द्र पाण्डेय, परीसराम बेसरा,आर्येंद्र सिंह आर्य सहित संभाग के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठों के संयोजक और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगठन और सरकार के समन्वय पर विशेष बल

बैठक में संगठनात्मक मजबूती के साथ विकास कार्यों और जनसेवा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। साथ ही, कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

15 लाख के मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर चला बुलडोजर

- **ध्वनि प्रदूषण रोकने बस्तर पुलिस की बड़ी कार्रवाई**
- **दो वर्षों में जब्त 352 उपकरण किए गए नष्ट**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली परिसर में 300 से अधिक मॉडिफाइड (कानफोडू) साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया। जिले के विभिन्न थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा पिछले दो वर्षों से मोटरयान अधिनियम के तहत लगातार अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई थी, जो अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न लगाकर तेज आवाज उत्पन्न कर रहे थे।

पुलिस के अनुसार मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न से निकलने वाली अत्यधिक ध्वनि आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है तथा सड़क पर चलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभियान के दौरान जब्त किए गए कुल 312 मॉडिफाइड साइलेंसर और 40 प्रेशर हॉर्न, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है, को नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बस्तर (महेश्वर नाग) के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई।

इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक (सुमित धोत्रे), उप पुलिस अधीक्षक यातायात (संतोष जैन), यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग,बोधघाट थाना प्रभारी (टामेश चौहान) सहित यातायात एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ लगातार अभियान

बस्तर पुलिस द्वारा पिछले दो वर्षों से जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। जब्त उपकरणों को सुरक्षित रखे जाने के बाद शनिवार को सार्वजनिक रूप से नष्ट किया गया। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ेगी और अनावश्यक शोर से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आएगी। साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन को भी मजबूती मिलेगी।

चाकू लहराकर गुंडागर्दी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस ने चाकू दिखाकर गुंडागर्दी करने और जान से मारने की धमकी देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार तेतरखूंटी निवासी 42 वर्षीय सुनील ठाकुर ने शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट की तथा धारदार चाकू लहराकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना बोधघाट में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक डी धोत्रे सुमित कुमार दत्ता हरिराव के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाः 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

- **जगदलपुर में गूंजी शहनाई**
- **आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली जोड़ों ने भी शुरू किया नया जीवन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। मंत्रोच्चार और शहनाई की मधुर धुनों के बीच 17 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और परिजनों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद एवं समृद्ध दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य को भी रेखांकित किया गया।

मुख्यधारा में लौटे दो पूर्व नक्सली जोड़े बने आकर्षण का केंद्रः समारोह की विशेषता यह रही कि इसमें आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे दो पूर्व नक्सली जोड़ों ने भी विवाह बंधन में बंधकर नए जीवन की शुरुआत की। इस अवसर पर कहा गया कि पुनर्वास और सामाजिक समावेशन की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम है, जो बस्तर में शांति और विकास के वातावरण को और मजबूत करेगा। समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और सुखी पारिवारिक जीवन के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी,नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्रही,त्रिवेणी रंधारी सहित जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी,नवविवाहित जोड़ों के परिजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों ने दिखाई मानवता की मिसाल

- **89 यूनिट रक्त संग्रहित, जरूरतमंद मरीजों के लिए बढ़ा सहारा**

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला बस्तर एवं आईपीएस वाइफ्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महारानी अस्पताल,जगदलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों, विशेषकर थैलेसीमिया,सिकल सेल तथा गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सुबह 10 बजे शुरू हुए शिविर में पहले घंटे में ही 40 से अधिक पुलिस जवानों ने पंजीयन कराकर रक्तदान किया। दिनभर चले इस आयोजन में कुल 89 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हुए रक्तदान किया। रक्तदान से पूर्व प्रत्येक दाता के वजन, हीमोग्लोबिन स्तर एवं रक्तचाप की जांच की गई। चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ पाए जाने पर ही रक्तदान की अनुमति दी गई। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को ओआरएस घोल, फल एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सक्रिय रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, आईजी सुंदरराज पी,कलेक्टर आकाश छिकारा,पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा,सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद,रेडक्रॉस उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर चेरियन,जिला कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी,चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

रक्तदान महादान का दिया संदेश

इस शिविर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। एक यूनिट रक्त कई मरीजों के उपचार में उपयोगी साबित हो सकता है। शिविर में जनप्रतिनिधियों, पुलिस जवानों, महिलाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

आयोजन ने मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक सहयोग और जीवन बचाने के संकल्प को मजबूत करने का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तत किया।

सुरक्षा कानून लागू करने की मांग पर पत्रकारों ने दिया धरना

जगदलपुर/नवप्रदेश। पत्रकार सुरक्षा कानून को पूर्ण रूप से अधिसूचित कर प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ के बैनर तले जगदलपुर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए और छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक, 2023 को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन इसके नियम एवं प्रक्रियाएं अब तक पूरी तरह अधिसूचित नहीं हो पाई हैं। इसके कारण कानून के प्रावधान जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो रहे हैं और पत्रकारों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों को धमकी, प्रताड़ना, हिंसा तथा दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करना कानून का मूल उद्देश्य है। इसके तहत पत्रकारों की शिकायतों और सुरक्षा से जुड़े मामलों की जांच के लिए विशेष समिति गठन सहित कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, लेकिन नियमों के अभाव में ये व्यवस्थाएं अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी हैं।

250 बालिकाओं के सशक्तिकरण की गौरवशाली यात्रा में जुड़ा एक और अध्याय, एनटीपीसी लारा में जीईएम-2026 का सफल समापन

- **NTPC लारा ने पांच वर्षों में 250 बालिकाओं को दी सशक्त भविष्य की उड़ान**

NTPC लिमिटेड की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल बालिका सशक्तिकरण अभियान-2026 का भव्य समापन समारोह NTPC लारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में NTPC लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) श्री शिवम श्रीवास्तव तथा श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्त महिला समिति ने मुख्य रूप से सहभागिता करते हुए प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

वर्ष 2018 में NTPC द्वारा प्रारंभ किया गया बालिका सशक्तिकरण अभियान कंपनी की एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, जीवन कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक देशभर में 13,000 से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित एवं सशक्त बनाया जा चुका है।

NTPC लारा वर्ष 2022 से इस अभियान का सफल संचालन कर रहा है तथा अब तक परियोजना के आसपास के गांवों की लगभग 160 बालिकाएँ इस पहल से लाभान्वित हो चुकी हैं। NTPC लारा अपने परियोजना क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा बच्चों एवं युवाओं के लिए समय-समय पर विभिन्न शैक्षणिक, खेल, कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है।

इसी क्रम में वर्ष 2026 में आसपास के गांवों से चयनित 90 बालिकाओं ने एक माह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण अवधि के दौरान बालिकाओं को योग, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, खेलकूद, कला एवं शिल्प, संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा विभिन्न जीवनोपयोगी विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा सकारात्मक सोच का विकास करना था।

अपने संबोधन में श्री शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि बालिका सशक्तिकरण केवल सामाजिक विकास का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब एक बालिका शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र पर पड़ता है। उन्होंने NTPC लारा द्वारा अभियान के सफल संचालन की सराहना करते हुए बालिकाओं को बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।

श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव ने प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा प्रदर्शित आत्मविश्वास, प्रतिभा और उत्साह की सराहना की। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक बालिका में असीम संभावनाएँ निहित हैं, जिन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन के माध्यम से नई दिशा दी जा सकती है।

समारोह का प्रमुख आकर्षण प्रतिभागी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। बालिकाओं ने लोकनृत्य, योग प्रदर्शन, आत्मरक्षा प्रदर्शन, नाट्य प्रस्तुतियों तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण अवधि के दौरान अर्जित ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर श्री सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख, NTPC लारा ने कहा कि NTPC लारा केवल ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान जैसी पहलें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

समारोह के दौरान प्रतिभागी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और उपलब्धि के भाव के साथ हुआ।

समापन समारोह में श्री सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख, NTPC लारा; श्री केशव चंद्र सिंहा राय, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण); श्री हेमंत पावगी, महाप्रबंधक (परियोजनाएँ); श्रीमती रेखा ठाकुर, अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति; प्रेरिता महिला समिति की वरिष्ठ सदस्याएँ, NTPC के वरिष्ठ अधिकारीगण, प्रतिभागी बालिकाएँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से NTPC न केवल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, बालिकाओं को आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

प्री-मानसून का असर, कहीं बारिश तो कहीं उमस-गर्मी, वज्रपात की चेतावनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की गतिविधियां जारी हैं, लेकिन बारिश का दायरा सीमित हो गया है। कुछ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई, जबकि अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा। इसके चलते तापमान में बढ़ोतरी और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड हुआ। मुंगेली में 5 सेमी और कवर्धा में 1 सेमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि अन्य जिलों में बारिश न के बराबर रही। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में वायुमंडलीय परिस्थितियां अस्थिर बनी हुई हैं। पश्चिम राजस्थान से लेकर उत्तर-पूर्व राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड होते हुए गंगीय पश्चिम बंगाल तक समुद्र तल पर एक मौसमी द्रोणिका सक्रिय है। इसके अलावा मध्य उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम मध्य प्रदेश और उत्तर महाराष्ट्र तक 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर भी एक द्रोणिका बनी हुई है, जो मौसम में बदलाव का कारण बन रही है। इन परिस्थितियों के कारण प्रदेश में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आज एक-दो स्थानों पर बिजली गिरने (वज्रपात) की घटना हो सकती है। साथ ही 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार अगले दो दिनों तक इसी तरह का मौसम बने रहने का अनुमान है। कहीं बारिश तो कहीं शुष्क मौसम के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को भी मौसम के इस बदलाव से सावधान रहने की सलाह दी गई है, खासकर खेतों में काम करते समय वज्रपात के खतरे को देखते हुए सतर्कता बरतने की जरूरत है।

वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट

मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार गरज-चमक के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। यह स्थिति वायुमंडलीय द्रोणिका और नमी के टकराव के कारण बन रही है। विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े न हों। किसानों को भी खेतों में काम करते समय सतर्क रहने की जरूरत है। अगले दो दिनों तक इसी तरह की मौसमीय गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। अचानक बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बरतने की अपील की है।

राज्य में तापमान ने बढ़ाई परेशानी

छत्तीसगढ़ में बारिश का असर कम होने से तापमान फिर से बढ़ने लगा है। रविवार को राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक रहा। वहीं अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम में नमी और गर्म हवाओं के कारण लोगों को दिन में उमस और गर्मी का सामना करना पड़ा। मुंगेली और कवर्धा जैसे कुछ इलाकों में हल्की बारिश जरूर हुई, लेकिन यह गर्मी से राहत देने के लिए पर्याप्त नहीं रही। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा और गर्मी के साथ उमस बनी रह सकती है।

न्यूज गैलरी

एसएसपी ने दो थाना प्रभारियों का किया तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के 2 थानों के प्रभारियों के प्रभार में बदलाव करते हुए नए नए अधिकारियों को तैनात किया है, जारी आदेश के अनुसार वाय पी सिंह को विशेष शाखा से सिरगिट्टी थाना, तो वही कमला पुसाम को लाइन से पचपेड़ी थाने की कमान सौंपी गई है वही पचपेड़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक राज सिंह को सिरगिट्टी थाने में पदस्थ किया गया है।

हाईकोर्ट में समर वेकेशन खत्म आज से नियमित सुनवाई शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट का ग्रीष्मकालीन अवकाश खत्म हो गया है। आज सोमवार से नियमित सुनवाई शुरू हो गई है। हाईकोर्ट प्रशासन ने 15 जून से शुरू हुए सप्ताह की कॉज लिस्ट भी जारी कर दी है। ईंधन बचत और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए हाईकोर्ट प्रशासन ने अधिकारियों-कर्मचारियों को वाहन साझा कर कार्यालय आने की सलाह दी है। समर वेकेशन के दौरान लागू वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था खत्म कर दी गई है। अब सभी अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से कार्यालय पहुंचेंगे। हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश 18 मई से शुरू हुआ था। इस दौरान नियमित सुनवाई बंद थी, लेकिन जरूरी मामलों के लिए विशेष व्यवस्था थी। अत्यावश्यक मामलों की सुनवाई अवकाशकालीन पीठों में की गई। समर वेकेशन में न्यायिक कामकाज पूरी तरह बंद नहीं था। हर सप्ताह विशेष अवकाश-कालीन पीठों का गठन किया गया। सप्ताह में दो दिन खंडपीठ और एकलपीठ में जरूरी प्रकरणों पर सुनवाई हुई। कई अहम मामलों में आदेश भी पारित किए गए। नई कॉज लिस्ट के साथ सभी खंडपीठों और एकलपीठों में नियमित सुनवाई शुरू हो गई है। अधिवक्ता अब कोर्ट रूम में पेश होकर पक्ष रख सकेंगे। जरूरत पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा जारी रहेगी।

विवाहित महिला ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश कमरे में फंदे पर लटकती मिली है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र ग्राम मनवा की है। पुलिस के अनुसार ग्राम मनवा निवासी गंगोत्री पटेल 30 वर्ष पति महेश पटेल गृहणी थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात महिला घर का काम निपटाने के बाद कमरे में सोने चली गई। जब सुबह परिजन की नींद खुली, तब कमरे में उसकी लाश साड़ी के फंदे पर झूल रही थी। इस घटना की जानकारी तत्काल पचपेड़ी पुलिस को दी गई। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

पंचायत चुनाव विवाद पर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

बिना गवाही और ट्रायल के याचिका खारिज करना गलत: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़े मामलों की सुनवाई को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यदि चुनाव न्यायाधिकरण किसी चुनाव याचिका में विवाद के बिंदु तय कर चुका है, तो उसके बाद दोनों पक्षों की गवाही और साक्ष्य लिए बिना याचिका को बंद नहीं किया जा सकता। ऐसा करना कानूनी प्रक्रिया के विपरीत माना जाएगा।

यह मामला बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल ब्लॉक की ग्राम पंचायत हसुवा से जुड़ा है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एके प्रसाद की एकलपीठ ने एसडीएम एवं चुनाव न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने मामले को दोबारा सुनवाई के लिए संबंधित एसडीएम कोर्ट को भेजते हुए 60 दिनों के भीतर साक्ष्य दर्ज कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। वर्ष 2025 में हुए पंचायत चुनाव में गायत्री शर्मा और रितु अतुल केशरवानी सरपंच पद की उम्मीदवार थीं। मतगणना के बाद रितु केशरवानी को विजयी घोषित किया गया था। चुनाव परिणाम से असंतुष्ट गायत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 122 के तहत चुनाव याचिका दायर की। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचित सरपंच ने नामांकन पत्र में स्वयं हस्ताक्षर नहीं किए थे, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, जो भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आता है।

हस्ताक्षर जांच की मांग पर उठा विवाद

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने साक्ष्य अधिनियम की धारा 45 के तहत आवेदन देकर विवादित हस्ताक्षरों की जांच हैंडराइटिंग विशेषज्ञ से कराने की मांग की थी। आवेदन में जांच का खर्च स्वयं वहन करने की भी बात कही गई थी। इसी बीच एसडीएम कोर्ट ने 15 अप्रैल 2026 को आदेश जारी कर चुनाव याचिका की सुनवाई बंद कर दी। इस फैसले को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

हाई कोर्ट ने बताई चुनाव न्यायाधिकरण की जिम्मेदारी

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुनील साहू ने दलील दी कि एसडीएम का आदेश छत्तीसगढ़ पंचायत (निर्वाचन याचिका, भ्रष्ट आचरण और सदस्यता के लिए अयोग्यता) नियम, 1995 के नियम 11 और 12 का उल्लंघन है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव याचिका की सुनवाई सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के अनुरूप एक दीवानी वाद की तरह की जानी चाहिए। जब एक बार विवाद के बिंदु तय हो जाते हैं, तब न्यायाधिकरण का दायित्व है कि वह दोनों पक्षों को गवाह और साक्ष्य प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दे।

सिर्फ एक आवेदन खारिज कर पूरी याचिका बंद नहीं की जा सकती

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब मामला साक्ष्य के चरण तक पहुंच चुका था, तब केवल धारा 45 के आवेदन को खारिज करने के आधार पर पूरी चुनाव याचिका समाप्त करना उचित नहीं था। अदालत ने इसे स्थापित कानूनी सिद्धांतों के विपरीत बताते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में दोनों पक्षों को अपनी बात रखने और साक्ष्य पेश करने का अवसर मिलना अनिवार्य है।

60 दिनों में फिर होगी सुनवाई

हाई कोर्ट ने मामले को वापस एसडीएम कोर्ट भेजते हुए निर्देश दिया है कि दोनों पक्षों की गवाही और साक्ष्य दर्ज किए जाएं तथा 60 दिनों के भीतर मामले का अंतिम निराकरण किया जाए। इस फैसले को पंचायत चुनाव विवादों की सुनवाई के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी मिसाल माना जा रहा है, जिससे भविष्य में चुनाव याचिकाओं के निपटारे की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी तथा न्यायसंगत हो सकेगी।

गांजा तस्करी के मास्टरमाइंड को नहीं मिली जमानत

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने 105 किलोग्राम गांजा तस्करी के मास्टर माइंड की नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज गंभीर मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के सिंगल बेंच ने मास्टर माइंड को राहत देने से इंकार कर दिया। अदालत ने माना कि सह-आरोपियों के मेमोरेंडम कथन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड सीडीआर से प्रथम दृष्टया आरोपी की इस अवैध कारोबार में मुख्य भूमिका और संलिप्तता साफ दिखाई देती है, इसलिए इसे झूठा फंसाने का मामला नहीं कहा जा सकता।

बेमेतरा जिले के बेरला थाना क्षेत्र का मामला है। अभियोजन के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक पिकअप वाहन को रोका था, जिसमें से 105 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। मौके से सह-आरोपी मोहम्मद खान उर्फ अयाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान सह-आरोपी मोहम्मद खान ने खुलासा बताया, यह पूरी खेप भिलाई निवासी हरदीप सिंह मेहरा उर्फ हरप्रीत उर्फ गोगे (38) के कहने पर परिवहन की जा रही थी। हरदीप ने ही उसे एक मोबाइल नंबर पर संपर्क करने और गांजे की सप्लाई करने के लिए सह-आरोपी अबराम नायक को 1 लाख रुपये कैश देने कहा था। जांच के दौरान पुलिस ने जब कॉल डिटेल रिकॉर्ड सीडीआर खंगाला, तो आरोपियों के बीच आपस में लगातार बातचीत होने की पुष्टि भी हुई। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी हरदीप सिंह मेहरा को 1 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया, याचिकाकर्ता बीते 14 महीने (1अप्रैल 2025) से जेल में बंद है। मामले में कुल 39 गवाह हैं, जिनमें से अब तक केवल एक गवाह का ही बयान दर्ज हो सका है, जिससे ट्रायल पूरा होने में लंबा समय लग सकता है। अधिवक्ता ने कहा, पुलिस ने जब्ती और तलाशी के दौरान एनडीपीएस एक्ट के अनिवार्य प्रावधानों का ठीक से पालन नहीं किया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी करती हुई पैनल लॉयर समीक्षा गुप्ता ने जमानत का विरोध करती हुई, कोर्ट को बताया कि पकड़ा गया गांजा 'कमर्शियल क्वांटिटी' (व्यावसायिक मात्रा) से कहीं अधिक है। आरोपी इस पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड है, जिसने जेल के बाहर रहकर पैसे और नेटवर्क का इंतजाम किया था, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री तोखन ने घर-घर पहुंचकर गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां, प्रबुद्धजनों से किया संवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संचालित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री तोखन साहू ने अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध एवं प्रतिष्ठित नागरिकों से आत्मीय भेंट एवं जनसंपर्क किया।

इस क्रम में श्री साहू ने नेहरू नगर निवासी वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं लेखक-साहित्यकार विनोद कुमार वर्मा, तिलक नगर निवासी धर्माचार्य संपर्क प्रमुख बजरंग प्रसाद रजक, गोंडपरा निवासी व्यापारी अशोक केशरवानी, जुन्ना बिलासपुर निवासी स्वदेशी व्यापारी केशव गुप्ता, समाजसेवी शिव प्रताप साव, यज्ञाचार्य नागेन्द्र पाठक, व्यवसायी महेंद्र गुप्ता तथा व्यापारी ओम प्रकाश देवांगन के निवास पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की। भेंट के दौरान श्री साहू ने केंद्र सरकार के विगत 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए व्यापक परिवर्तन, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव तथा विकसित भारत के संकल्प को लेकर विचार साझा किए। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया तथा अन्य अनेक पहलें देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों, समाजसेवियों, उद्यमियों एवं जागरूक नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनभागीदारी ही विकसित, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी शक्ति है।

अफसरों व सीआईएसएफ जवानों ने किया रक्तदान

सीपत/नवप्रदेश। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई एनटीपीसी सीपत द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं जवानों ने पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीआईएसएफ इकाई प्रमुख उप कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी स्वयं शिविर में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान करने वाले जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। सीआईएसएफ के जवान देश की सुरक्षा के साथ-साथ मानव सेवा के कार्यों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हैं। विषम परिस्थितियों में कर्तव्य निभाने के बावजूद समाजहित के ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेना बल की सेवा भावना और मानवीय संवेदनाओं का परिचायक है। उन्होंने कहा कि बल मुख्यालय द्वारा भी समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए जाते हैं, जिनका उद्देश्य सुरक्षा के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है। रक्तदान जैसे अभियान लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होते हैं। कार्यक्रम के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदान दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उपस्थित जवानों को सुरक्षित रक्तदान, रक्त की आवश्यकता तथा नियमित रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रक्तदाताओं के इस अमूल्य योगदान के लिए उनका सम्मान करते हुए प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आरक्षित निरीक्षक मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि उप कमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी सहित सभी अधिकारियों एवं जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इकाई में भविष्य में भी समाजहित एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे सेवा कार्य पूरे उत्साह और समर्पण के साथ निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

प्रेसवार्ता : आपातकाल विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विद्यार्थी होंगे मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित : उपासने

लोकतंत्र सेनानियों को मुख्यमंत्री 28 को करेंगे सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिवस माने जाने वाले 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल की स्मृति को जीवित रखने तथा नई पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस तथा 26 जून को आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

लोकतंत्र प्रहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने सोमवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि 26 जून 1975 से मार्च 1977 तक चल 21 माह के आपातकाल को देश कभी भूल नहीं कर सकता, उस कालखंड में नागरिक स्वतंत्रताओं का हनन किया गया एवं हजारों लोकतंत्र समर्थकों को मीसा अन्य कठोर कानूनो के अंतर्गत जेलों में बंद किया गया तथा प्रेस की स्वतंत्रता पर अभूतपूर्व प्रतिबंध लगाए गए। समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू कर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचल दिया गया। उपासने ने बताया कि लोकतंत्र सेनानियों को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 28 जून को प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजित भव्य सम्मेलन में सम्मानित किया जाएगा साथ ही इस अवसर पर आपातकाल योद्धा संदर्भ ग्रंथ स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। विशेष आकर्षण यह होगा की लोकतंत्र सेनानी संघ व प्रहरी के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय व

महाविद्यालय स्तर पर प्रदेश स्तर की आपातकाल कभी विस्मृत न हो एवं 25 जून संविधान हत्या दिवस की प्रासंगिकता इन विषयों पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी मुख्यमंत्री द्वारा विजयी प्रथम, द्वितीय तृतीय चयनित छात्रों को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 31000, 21000 व 11000 रुपए नगद पुरस्कार दोनों स्तरों पर मय स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। उसी प्रकार सभी 520 शामिल विद्यार्थियों सहित विद्यालय व महाविद्यालय के प्राचार्य को भी मुख्यमंत्री द्वारा 28 जून को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष भी इस भव्य आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लोकतंत्र सेनानियों को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है, यह भव्य आयोजन रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 28 जून रविवार को 11.00 बजे सेआयोजित है। सम्मेलन में संगठन के समस्त पदाधिकारी व प्रबुद्ध वैचारिक संस्थाओं, मंत्रियों, विधायकों, निगम आयोग अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में शुभ चिंतकों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में ष्आपातकाल का काला इतिहास एवं संविधान हत्या दिवस विषय पर प्रबुद्ध वक्ताओं के व्याख्यान भी होंगे तथा इस विषय पर प्रकाशित विशेष स्मारिका आपातकाल योद्धा का विमोचन किया जाएगा। लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने बताया कि प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी परिवारों को मुख्यमंत्री की ओर से ससम्मान निमंत्रण पत्र प्रेषित किए जा रहे हैं। निबंध प्रतियोगिता व कार्यक्रम संबंधी जानकारी के लिए विद्यार्थी, शिक्षक एवं शिक्षण संस्थान मोबाइल नंबर 9425202652 एवं 9425552092 पर संपर्क कर सकते हैं। इस पत्रकार वार्ता में सचिदानंद उपासने के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दत्ता त्रिपुरवार, जिला अध्यक्ष सुहास देशपांडे व सुनील पुराणिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

महासमुंद के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का अकाल

2,944 पद खाली, 38 स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे

जयदेव सिंह

महासमुंद/नवप्रदेश। शिक्षा को विकास की सबसे मजबूत नींव माना जाता है, लेकिन महासमुंद जिले में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर शासन-प्रशासन के दावों से बिल्कुल अलग नजर आती है। जिले के सरकारी स्कूलों में हजारों शिक्षकीय पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं, जबकि बड़ी संख्या में कार्यरत शिक्षकों को भी पढ़ाई के बजाय विभिन्न विभागों और प्रशासनिक कार्यों में लगाया गया है।

परिणाम स्वरूप लाखों गरीब और ग्रामीण बच्चों की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। स्थिति इतनी गंभीर है कि जिले के 38 सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां पूरे विद्यालय का संचालन केवल एक शिक्षक के भरोसे हो रहा है। वहीं हजारों पद रिक्त होने के कारण कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षक तक उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षा के अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सरकारी दावों के बीच यह स्थिति सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

सरकारी स्कूल कमजोर निजी स्कूल मजबूत

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी स्कूलों में लगातार बढ़ती शिक्षक कमी और शैक्षणिक अव्यवस्था का सबसे बड़ा लाभ निजी स्कूलों को मिल रहा है। ग्रामीण और गरीब परिवार भी मजबूरी में निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं। परिणामस्वरूप निजी स्कूलों की संख्या और उनका प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जबकि सरकारी स्कूलों की साख कमजोर होती जा रही है।

जिले में कुल 1,956 सरकारी स्कूल संचालित हैं, जिनमें

1,276 प्राथमिक शालाएं

492 मिडिल स्कूल

62 हाई स्कूल

126 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं।

विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है

58,690 प्राथमिक स्तर

42,474 मिडिल स्तर

24,134 हाई स्कूल

16,205 हायर सेकेंडरी

1,41,503 कुल विद्यार्थियों की संख्या

इन स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की संख्या मात्र 6,579 है। औसतन एक शिक्षक पर करीब 22 विद्यार्थियों की जिम्मेदारी आती है। हालांकि यह आंकड़ा कागजों में संतोषजनक दिखाई देता है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं अधिक चिंताजनक है क्योंकि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षण कार्य से अलग जिम्मेदारियों में लगे हुए हैं।

1.41 लाख विद्यार्थियों पर महज 6,579 शिक्षक

यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यू-डाइस) के वर्ष 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार महासमुंद जिले में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक कुल 1 लाख 41 हजार 503 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

नवप्रदेश विशेष

प्रधान पाठकों और प्राचार्यों के पदों पर सबसे ज्यादा संकट

मिडिल स्कूलों में प्रधान पाठकों की स्थिति बेहद खराब है।

स्वीकृत पद : 489
कार्यरत : 107
रिक्त : 382

यानी लगभग 78 प्रतिशत पद खाली हैं।

प्राचार्यों के लिए

स्वीकृत पद : 186
कार्यरत : 79
रिक्त : 107

- अर्थात आधे से अधिक स्कूल बिना नियमित प्राचार्य के संचालित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जब विद्यालयों में नेतृत्वकारी पद ही खाली रहेंगे तो शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होना स्वाभाविक है।
- व्याख्याता और विज्ञान शिक्षकों की भारी कमी
- हायर सेकेंडरी स्तर पर पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए व्याख्याताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, लेकिन यहां भी स्थिति चिंताजनक है।

व्याख्याता के स्वीकृत पद : 2,021
सीधी भर्ती से कार्यरत : 574
पदोन्नति से कार्यरत : 794

- कुल मिलाकर सैकड़ों पद अब भी रिक्त हैं।

दूसरे कामों की वजह से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित

- सहायक शिक्षक विज्ञान के 412 पद स्वीकृत हैं।
- बड़ी संख्या में पद आज भी खाली हैं।
- विज्ञान और गणित जैसे विषयों में शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी पर पड़ रहा है।
- पढ़ाने की जगह दूसरे कामों में लगे शिक्षक
- शिक्षकों की कमी के बीच जो शिक्षक उपलब्ध हैं, उनमें से भी कई शिक्षण कार्य नहीं कर पा रहे हैं।
- जिले में कम से कम 49 शिक्षक विभिन्न विभागों और कार्यालयों में संलग्न (अटैच) हैं।

गैर शिक्षकीय कार्य में शिक्षक की ड्यूटी

- 2 शिक्षक समग्र शिक्षा में
- 2 राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान में
- 5 बीआरसी कार्यालय में
- 6 नवकीरण अकादमी में
- 2 विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में
- 31 आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों में कार्यरत हैं।
- इसके अलावा दो दर्जन से अधिक शिक्षकों को संकुल समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है।
- ऐसे में सवाल उठता है कि जब स्कूलों में शिक्षक पहले से कम हैं तो उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाने की अनुमति आखिर क्यों दी जा रही है?
- 38 स्कूलों में अकेला शिक्षक संभाल रहा पूरी व्यवस्था
- शिक्षा विभाग की सबसे चौंकाने वाली तस्वीर उन 38 स्कूलों की है जहां केवल एक शिक्षक पदस्थ है।

इतनी समस्या तो कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

- पढ़ाई करानी
- उपस्थिति दर्ज करनी,
- शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन करना,
- विभागीय रिपोर्ट तैयार करना,
- परीक्षा संचालन करना, जैसे तमाम कार्य करने पड़ते हैं।
- ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना करना भी मुश्किल है।

9,523 स्वीकृत पद, लेकिन लगभग तीन हजार पद खाली

सरकारी सेटअप के अनुसार जिले में प्रधान पाठक, शिक्षक, प्राचार्य, व्याख्याता, सहायक शिक्षक विज्ञान, सहायक शिक्षक और व्यायाम शिक्षक सहित कुल 9,523 पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 6,579 पदों पर शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि 2,944 पद रिक्त पड़े हुए हैं। यानी लगभग एक-तिहाई शिक्षकीय पद खाली हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब वर्षों से हजारों पद खाली हैं तो नई भर्ती प्रक्रिया क्यों नहीं की जा रही? आखिर बच्चों की शिक्षा से जुड़े इतने महत्वपूर्ण पदों को भरने में शासन की रुचि क्यों नहीं दिखाई दे रही?

भर्ती नीति भी सवालों के घेरे में

जिले में शिक्षकों के लिए– सीधी भर्ती के 5,821 पद स्वीकृत हैं। पदोन्नति के 4,114 पद स्वीकृत हैं। लेकिन वर्तमान में– सीधी भर्ती से केवल 2,925 शिक्षक कार्यरत हैं। पदोन्नति से 3,424 शिक्षक कार्यरत हैं।जबकि– सीधी भर्ती के 2,484 पद खाली हैं। पदोन्नति के 690 पद रिक्त हैं। स्पष्ट है कि वर्षों से नियमित भर्ती नहीं होने के कारण स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है।

बड़ा सवाल: बच्चों का भविष्य किसके भरोसे?

शिक्षा व्यवस्था की यह तस्वीर बताती है कि सरकारी घोषणाओं और जमीनी वास्तविकता के बीच बड़ा अंतर है। एक ओर नई शिक्षा नीति, डिजिटल शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों पद खाली हैं, दर्जनों स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं और उपलब्ध शिक्षकों को भी गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जा रहा है। यदि समय रहते रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की गई और शिक्षकों को स्कूलों में वापस नहीं भेजा गया तो इसका सबसे बड़ा नुकसान उन गरीब और ग्रामीण विद्यार्थियों को होगा, जिनके लिए सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र सहारा हैं। शिक्षा व्यवस्था पर उठता सबसे बड़ा प्रश्न यही है, क्या शासन-प्रशासन वास्तव में बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर है।

भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से समस्याओं का हल

सेवानिवृत कोई भी शासकीय कर्मचारी, शिक्षक, पालकों और ग्राम पंचायतों से अपील की जा रही है कि, जो भी इच्छुक हो बच्चों की शिक्षा में नि शुल्क अध्यापन कार्य में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। शाला प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा और उसमें 75 प्रतिशत पालकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जिससे बच्चों का भविष्य संवारा जा सके। शासन स्तर पर भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से इन समस्याओं का भी निराकरण हो जाएगा।

– बीएल देवांगन,
जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद

छत्तीसगढ़ में मानसून दस्तक दे चुका, 20 से बारिश संभव

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण-पश्चिम मानसून अब छत्तीसगढ़ की सीमा तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार-पांच दिनों में दक्षिणी छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में मानसून आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। इससे खरीफ फसल की बुआई की तैयारी कर रहे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है।

मानसून की वर्तमान उत्तरी सीमा हरनाई, सोलापुर, हैदराबाद, भद्राद्री कोठागुडेम, कलिंगपट्टनम, पारादीप, बारीपदा, पुरुलिया, धनबाद और मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से पूरे प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। बादलों की आवाजाही बढ़ गई है और उमस भी बनी हुई है।

20 जून तक छिटपुट बारिश का अनुमान: मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 15 से 20 जून के बीच छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट वर्षा होने की संभावना है। खासकर 15 से 19 जून तक गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है, जबकि कुछ स्थानों पर झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। बिलासपुर सहित मध्य छत्तीसगढ़ में पिछले कई दिनों से उमस भरा मौसम है। मानसूनी गतिविधियां सक्रिय होने से तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, गरज-चमक, तेज हवाओं और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए किसानों, बिजली विभाग और आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

कृषि विशेषज्ञों की सलाह: कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की है कि खेतों की अंतिम तैयारी पूरी रखें, लेकिन भारी बारिश की संभावना वाले क्षेत्रों में बीज उपचार और बुआई का फैसला स्थानीय मौसम पूर्वानुमान देखकर ही लें। तेज हवा और बिजली गिरने की स्थिति में खुले मैदानों में काम करने से बचें।

मौसमी सिस्टम सक्रिय: मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश पर कई मौसमी प्रणालियों का प्रभाव है। समुद्र तल पर सक्रिय ट्रफ पश्चिमी राजस्थान से होते हुए बिहार-झारखंड तक फैला हुआ है। निचले और ऊपरी क्षोभमंडल में ट्रफ की सक्रियता से वातावरण में नमी बढ़ रही है, जिससे बादलों का विकास हो रहा है। यदि परिस्थितियां यथावत रहीं तो अगले सप्ताह तक मानसून दक्षिणी छत्तीसगढ़ से आगे बढ़कर प्रदेश के बड़े हिस्से को कवर कर सकता है।

तापमान: रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 23.6 डिग्री रहा। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने बिलासपुर सहित कई इलाकों में एक-दो दिनों में बारिश की संभावना जताई है।

जिला स्तरीय रोजगार मेला 17 जून को, 2329 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र और कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज, खम्हरिया के संयुक्त तत्वावधान में 17 जून को कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक के अनुसार इस जिला स्तरीय रोजगार मेले के लिए कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग स्नातक, एमबीबीएस, बीएएमएस, नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, डिप्लोमा पैरामेडिकल एवं अन्य योग्यताधारी आवेदकों के लिए कुल 17 नियोजकों से 2329 तकनीकी एवं गैर तकनीकी रिक्तियां प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें 15 जून तक और बढ़ोतरी हो सकती है।

आकाशीय बिजली से नहीं रुकेगी ट्रेनों की रफ्तार, रेलवे लगाएगा आधुनिक प्रणाली

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से रेलवे की ओवरहेड विद्युत लाइन (ओएचई) के बार-बार ट्रिप होने और ट्रेनों के प्रभावित होने की समस्या अब जल्द खत्म हो सकती है। भारतीय रेलवे इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए डिस्कनेक्टर असेंबली युक्त लाइटनिंग अरेस्टर प्रणाली लागू करने की तैयारी में है।

इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद बिजली गिरने की स्थिति में पूरी विद्युत लाइन बंद नहीं होगी और ट्रेनों का परिचालन बिना बाधा जारी रह सकेगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वर्तमान व्यवस्था में आकाशीय बिजली गिरने से लाइटनिंग अरेस्टर क्षतिग्रस्त होने पर कई किलोमीटर तक विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसके कारण ओएचई लाइन ट्रिप हो जाती है और ट्रेनें बीच रास्ते में खड़ी हो जाती हैं।

नई प्रणाली में क्षतिग्रस्त लाइटनिंग अरेस्टर को तत्काल मुख्य लाइन से अलग कर दिया जाएगा, जिससे पूरी लाइन प्रभावित नहीं होगी और उपकेंद्रों को भी नुकसान नहीं पहुंचेगा। रेलवे ने इस आधुनिक सुरक्षा प्रणाली को लागू करने से पहले देशभर के तकनीकी विभागों और मुख्य विद्युत अभियंताओं से 30 जून तक सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे रेल नेटवर्क में लागू किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार डिस्कनेक्टर असेंबली 25 केवी ट्रैक्शन विद्युत प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सुकमा को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग तेज, विकास की नई उम्मीदें जगीं

नक्सल प्रभाव घटने के बाद बुनियादी सुविधाओं पर बढ़ा जोर

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद के प्रभाव में लगातार कमी और विकास कार्यों को मिल रही गति के बीच अब सुकमा जिले को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की मांग तेज हो गई है। जिले की सीमाओं के आसपास महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर काम जारी है, लेकिन जिला मुख्यालय आज भी रेल कनेक्टिविटी से वंचित है। ऐसे में क्षेत्रवासियों की उम्मीदें रेलवे संपर्क पर टिक गई हैं।

जानकारी के अनुसार ओड़िशा के मलकानगिरी तक प्रस्तावित रेल लाइन सुकमा से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तक पहुंचेगी। जानकारों का मानना है कि यदि इस रेल परियोजना का सीमित विस्तार किया जाए तो सुकमा को सीधे रेल नेटवर्क से जोड़ा जा सकता है। इससे जिले के विकास को नई दिशा मिलने के साथ लोगों की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी हो सकती है। वर्तमान में सुकमा के लोगों को रायपुर सहित प्रदेश और देश के अन्य प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए लंबी सड़क यात्रा करनी पड़ती है। करीब 400 किलोमीटर दूर रायपुर तक का सफर समय और खर्च दोनों दृष्टि से चुनौतीपूर्ण साबित होता है। इसका सबसे अधिक असर छात्रों, मरीजों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों पर पड़ता है, जिन्हें नियमित रूप से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

भविष्य में तेलंगाना के भद्राचलम तक रेल संपर्क स्थापित होने की संभावनाओं को भी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे वनोपज, कृषि उत्पादों और स्थानीय वस्तुओं को बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्राप्त होगी। जिले के सांसद द्वारा सुकमा को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का प्रस्ताव रेल मंत्रालय के समक्ष रखने की जानकारी दी गई है। साथ ही सुकमा में रेलवे आरक्षण काउंटर खोलने की मांग भी प्रमुखता से उठ रही है, ताकि लोगों को टिकट बुकिंग के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।

सुकमा तेजी से विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। ऐसे समय में रेलवे संपर्क केवल यातायात की सुविधा भर नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रगति का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। रेल कनेक्टिविटी मिलने से निवेश, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जिलेवासियों की निगाहें अब सरकार और रेलवे मंत्रालय के आगामी निर्णयों पर टिकी हुई हैं।

विश्व रक्तदान दिवस पर जिले में 155 यूनिट रक्तदान

राजनांदगांव/नवप्रदेश । विश्व रक्तदान दिवस पर रेडक्रास सोसायटी के विभिन्न संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं एवं सभी ब्लड बैंकों के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस पर जिले में ब्लड बैंकों में 14 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में 27 यूनिट, जिला अस्पताल ब्लड बैंक में 20 यूनिट, नांदगांव ब्लड बैंक में 4 यूनिट, बालाजी ब्लड बैंक 58 में यूनिट, बिलासा ब्लड बैंक में 29 यूनिट, लाइफ लाइन ब्लड बैंक में 17 यूनिट कुल योग 155 यूनिट प्राप्त हुए।

प्लास्टिक शीशी के फेर में शराब प्रेमी परेशान अंग्रेजी के कई चर्चित ब्रांड बाजार से गायब

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश की कई विदेशी शराब दुकानों में इन दिनों अंग्रेजी शराब के चर्चित ब्रांडों की कमी से शराब प्रेमी परेशान हैं। खासकर क्वार्टर पैक में मिलने वाली लोकप्रिय शराब कई दुकानों से पूरी तरह गायब हो गई है। ग्राहकों को अपनी पसंद का ब्रांड नहीं मिलने से उन्हें वैकल्पिक ब्रांड खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि मांग के अनुरूप ब्रांड उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि संबंधित कंपनियों से उनकी आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके चलते दुकानदार चाहकर भी ग्राहकों को उनकी पसंद की शराब उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार कांच की शीशियों के स्थान पर अब प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री की तैयारी की जा रही है। इसके लिए शराब निर्माता कंपनियां नई मशीनें स्थापित कर रही हैं और उत्पादन व्यवस्था में बदलाव कर रही हैं। इसी कारण कई प्रमुख ब्रांडों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। वर्तमान में दुकानों में उपलब्ध क्वार्टर पैक पुराना स्टॉक बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक पिछले लगभग एक महीने से कई लोकप्रिय ब्रांडों के क्वार्टर बाजार में नहीं मिल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जिन कंपनियों के साथ शराब आपूर्ति का अनुबंध किया गया है, उन्हें मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जून के अंत या जुलाई से स्थिति सामान्य हो सकती है और ग्राहकों को फिर से उनकी पसंद के ब्रांड उपलब्ध होने लगेंगे। इस बीच शराब दुकानों में कुछ ऐसे नए ब्रांड भी दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें कई उपभोक्ताओं ने पहले कभी नहीं देखा था। ग्राहकों का कहना है कि लोकप्रिय ब्रांडों की अनुपलब्धता के कारण उन्हें मजबूरी में नए ब्रांड खरीदने पड़ रहे हैं। केवल क्वार्टर ही नहीं, बल्कि कई दुकानों से लोकप्रिय प्रीमियम ब्रांडों की बोतलें भी गायब हैं। 760 से 800 रुपये मूल्य वर्ग में आने वाले कई चर्चित ब्रांड उपलब्ध नहीं हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com